

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्षः 4 अंकः 268 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 07 जुलाई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## जकार्ता में पीएम मोदी का भव्य स्वागत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अभिभूत हुए प्रधानमंत्री

### 'होमेज टू द ट्रिपल जेम' और रामायण आधारित 'वायांग कुलित' की प्रस्तुति की सराहना, बोले—भारत-इंडोनेशिया की साझा विरासत का अद्भुत प्रतीक

**समाज जागरण**

जकार्ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचने पर मिले भव्य स्वागत और शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तुतियों ने भारत और इंडोनेशिया के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रिश्तों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है।



प्रधानमंत्री ने विहार धर्म रत्न ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 'होमेज टू द ट्रिपल जेम' कार्यक्रम को "असाधारण" बताते हुए कहा कि इसमें भगवान बुद्ध की कालातीत शिक्षाओं और 'ट्रिपल जेम' के मूल्यों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से दशार्या गया। उन्होंने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि इंडोनेशिया के लोग अपनी समृद्ध बौद्ध विरासत को पूरे समर्पण और उत्साह के साथ संरक्षित और आगे बढ़ा रहे हैं।

जकार्ता पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। होटल परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद प्रवासी भारतीयों ने 'मोदी-मोदी' के नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री ने भी लोगों से मुलाकात कर उनका अभिवादन स्वीकार किया और आत्मीय बातचीत की।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने रामायण पर आधारित इंडोनेशिया की प्रसिद्ध पारंपरिक छाया कठपुतली कला 'वायांग कुलित' का भी अवलोकन किया। उन्होंने इसे भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का सशक्त प्रतीक बताते हुए कहा कि हमारी सभ्यताओं के शाश्वत मूल्य समय और सीमाओं से परे जाकर आज भी लोगों को जोड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि उन्हें सामन्वय ग्रुप द्वारा प्रस्तुत भरतनाट्यम नृत्य देखने का अवसर मिला, जिसे कलाकारों ने अत्यंत समर्पण और उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत किया। उन्होंने 'गणेश' टीम द्वारा प्रस्तुत रामायण आधारित वायांग कुलित कार्यक्रम की भी सराहना करते हुए कलाकारों को बधाई दी।

इससे पहले इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने स्वयं जकार्ता एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी की। यह प्रधानमंत्री मोदी की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा है और वर्ष 2018 के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय इंडोनेशिया यात्रा है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति प्रबोवो के इस विशेष स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों देशों के व्यापक रणनीतिक साझेदारी संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए वह द्विपक्षीय वार्ता को लेकर उत्साहित हैं।

यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, रक्षा, समुद्री सहयोग, संस्कृति और लोगों के बीच संपर्क सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी योग्याकार्ता स्थित ऐतिहासिक प्रम्बानन मंदिर परिसर का भी दौरा करेंगे और इंडोनेशिया में बसे भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर चार वरिष्ठ मंत्री भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के विमान के इंडोनेशियाई हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही इंडोनेशियाई वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने एस्कॉर्ट प्रदान किया, जबकि एयरपोर्ट पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। (एजेंसी इनपुट के

## ट्रंप की ईरान को दोटूक चेतावनी—'समझौता करो, नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे'

वॉशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी परमाणु समझौते की वार्ता के बीच कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि अमेरिका या तो नया समझौता करेगा या फिर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह निष्प्रभावी करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। एक टेलीविजन साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता समझौते के माध्यम से समाधान निकालना है, लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा।

ट्रंप ने दावा किया कि हाल के सैन्य अभियानों में अमेरिकी सेना ने ईरान की नौसैनिक और वायुसेना की क्षमताओं को भारी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी कार्रवाई के दौरान ईरान के रडार नेटवर्क को गंभीर क्षति पहुंची, जिससे उसकी निगरानी क्षमता प्रभावित हुई। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। इस बीच, ईरान में पूर्व सर्वोच्च नेता के अंतिम संस्कार संबंधी धार्मिक अनुष्ठान भी जारी हैं। वहीं, अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते को लेकर कूटनीतिक स्तर पर बातचीत का दौर भी जारी है।

## कमजोर मानसून के बावजूद खाद्य महंगाई फिलहाल काबू में, आगे बढ़ सकता है कीमतों का दबाव

### एमके ग्लोबल की रिपोर्ट में चेतावनी—महाराष्ट्र, गुजरात, यूपी और मध्य प्रदेश में कम बारिश से खरीफ फसलों और खाद्य आपूर्ति पर मंडरा रहा खतरा



**समाज जागरण**

नई दिल्ली। देश में इस वर्ष कमजोर मानसून के बावजूद खाद्य वस्तुओं की कीमतें फिलहाल नियंत्रित बनी हुई हैं। हालांकि, प्रमुख कृषि राज्यों में सामान्य से कम वर्षा के कारण आने वाले सप्ताहों में खाद्य आपूर्ति प्रभावित होने और महंगाई बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। यह जानकारी एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की ताजा रिपोर्ट में सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, साप्ताहिक खुदरा मूल्य आंकड़ों में सब्जियों की कीमतों में 1.5 प्रतिशत और अंडों की कीमतों में 1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, अनाज की कीमतों में 0.5 प्रतिशत तथा तेल एवं वसा (फैट) श्रेणी में 0.2 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई है।

सालाना आधार पर खाद्य वस्तुओं की महंगाई में सबसे अधिक बढ़ोतरी तेल एवं वसा श्रेणी में 11 प्रतिशत दर्ज की गई है। इसके अलावा अंडों की कीमतों में 6 प्रतिशत, सब्जियों, दूध और मसालों में 3 प्रतिशत, अनाज में 2 प्रतिशत तथा दालों में 1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक राज्यों में मानसून की कमी से खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है। यदि आने वाले दिनों में वर्षा की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो खाद्य आपूर्ति पर दबाव बढ़ेगा और इसका असर खुदरा बाजार में कीमतों पर भी दिखाई दे सकता है।

मानसून की स्थिति को लेकर रिपोर्ट में बताया गया है कि 3 जुलाई तक देशभर में कुल वर्षा दीर्घकालिक औसत (एलपीए) से 31 प्रतिशत कम रही। वहीं जून 2026 में सामान्य से 40 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई, जो पिछले एक दशक का सबसे शुष्क जून माना जा रहा है। कम बारिश के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हुई है और देश के अधिकांश जलाशयों में जलस्तर भी चिंताजनक रूप से घटा है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश के जलाशय अपनी कुल क्षमता का केवल 26 प्रतिशत ही भरे हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 39 प्रतिशत कम है। क्षेत्रवार देखें तो मध्य भारत में जलाशयों की क्षमता 32 प्रतिशत, उत्तर भारत में 29 प्रतिशत, पश्चिम भारत में 28 प्रतिशत, दक्षिण भारत में 20 प्रतिशत और पूर्वी भारत में केवल 19 प्रतिशत रह गई है।

रिपोर्ट में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूवार्नुमान का हवाला देते हुए कहा गया है कि जुलाई 2026 में भी सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। ऐसे में खरीफ सीजन, खाद्य उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। फिलहाल खाद्य महंगाई नियंत्रण में है, लेकिन मानसून की स्थिति में जल्द सुधार नहीं होने पर आने वाले महीनों में खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है।

## यूरोपीय यूनियन का चीन को बड़ा झटका, सस्ते आयातित सामानों पर नई कस्टम ड्यूटी लागू

### 150 यूरो तक के ऑनलाइन ऑर्डर पर खत्म हुई ड्यूटी छूट, अब प्रत्येक बी2सी पार्सल पर 3 यूरो का समान शुल्क; 2028 तक रहेगा लागू

**समाज जागरण**

ब्रुसेल्स। यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने चीन समेत अन्य देशों से आने वाले सस्ते आयातित सामानों पर बड़ा कदम उठाते हुए नई कस्टम ड्यूटी लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत 150 यूरो तक के कम मूल्य वाले सामानों पर पहले मिल रही शुल्क छूट समाप्त कर दी गई है। इस निर्णय का सबसे अधिक असर चीन से यूरोपीय बाजार में आने वाले कम कीमत वाले ई-कॉमर्स उत्पादों पर पड़ेगा।पब्लिक रेवेन्यू अथॉरिटी (AADE) के अनुसार, अगले बुधवार से ग्रीस सहित पूरे यूरोपीय संघ में बिजनेस-टू-कंज्यूमर (बी2सी) ऑनलाइन खरीदारी के लिए प्रत्येक कस्टम डिक्लेरेशन लाइन पर 3 यूरो की समान कस्टम ड्यूटी वसूली जाएगी। यह शुल्क उन सभी पार्सलों पर लागू होगा जो 1 जुलाई के बाद कस्टम प्रक्रिया से गुजरेंगे।



### सस्ते चीनी सामान होंगे सबसे अधिक प्रभावित

ईयू का यह फैसला मुख्य रूप से चीन से आने वाले कम कीमत वाले उत्पादों को ध्यान में रखकर लिया गया है। नए नियम के बाद छोटे ऑनलाइन ऑर्डर भी महंगे हो जाएंगे। उदाहरण के तौर पर, 6 यूरो के किसी उत्पाद पर अब 9 यूरो तक अतिरिक्त शुल्क लग सकता है, जिससे कुल कीमत बढ़कर 15 यूरो तक पहुंच सकती है। इसके चलते कई उपभोक्ता अपने ऑर्डर रद्द करने लगे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य यूरोपीय बाजार में सस्ते आयात की बाढ़ को नियंत्रित करना, स्थानीय कारोबार को संरक्षण देना, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करना और टैक्स चोरी पर रोक लगाना है।

### नए नियम की प्रमुख बातें

*1 जुलाई के बाद कस्टम से गुजरने वाले प्रत्येक पार्सल पर नया शुल्क लागू होगा।*
*कूरियर कंपनियां अतिरिक्त शुल्क अंतिम उपभोक्ता से वसूल सकेंगी।*
*प्रत्येक पार्सल को अलग शिपमेंट माना जाएगा।*
*गलत घोषणा और टैक्स चोरी रोकने के लिए प्रोडक्ट आइडेंटिफायर (PID) कोड लागू किए जाएंगे, जिससे सामान की ट्रेसिंग आसान होगी।*
*ड्यूटी जमा कराने की प्राथमिक जिम्मेदारी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, विक्रेता या उनके कस्टम प्रतिनिधि की होगी।*

### 2028 तक लागू रहेगा नया नियम

ईयू ने स्पष्ट किया है कि यह विशेष कस्टम ड्यूटी 1 जुलाई 2028 तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद ई-कॉमर्स से आने वाले सभी सामानों पर सामान्य टैरिफ दरों के अनुसार शुल्क लगाया जाएगा।

यूरोपीय अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय यूरोपीय बाजार को सस्ते आयात के असंतुलित प्रभाव से बचाने और स्थानीय उद्योगों को प्रतिस्पर्धी माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
(एजेंसी इनपुट)

## 39 दिन में 70 बार चोरी: अयोध्या राम मंदिर दानपात्र मामले में एसआईटी का बड़ा खुलासा

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के दानपात्रों (हुंडियों) से प्राप्त चढ़ावे की गणना के दौरान हुई कथित चोरी और गबन की जांच में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, 27 अप्रैल से 5 जून 2026 के बीच महज 39 दिनों में सीसीटीवी फुटेज में 70 बार चोरी की घटनाएं दर्ज हुईं। जांच में गणना कर्मियों को नोटों की गड्डियां जेब, कपड़ों और जूतों में छिपाते हुए देखा गया। एसआईटी ने छह संविदा कर्मियों को सीधे तौर पर चोरी में संलिप्त मानते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की है। जांच में आरोपितों और उनके परिजनों के बैंक खातों में आय से अधिक नकद जमा और एफडी मिलने का भी उल्लेख किया गया है।

## विश्व बैंक की रिपोर्ट: भारत के पाँच राज्य उच्च-मध्यम आय वर्ग में शामिल, दिल्ली प्रथम

### कर्नाटक दूसरे, तेलंगाना तीसरे स्थान पर; महाराष्ट्र, हरियाणा और केरल सीमा के निकट, बिहार सबसे पीछे

नई दिल्ली। विश्व बैंक समूह द्वारा 1 जुलाई 2026 को जारी 'कंट्री इनकम क्लासिफिकेशन्स' रिपोर्ट के अनुसार भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय 2,760 अमेरिकी डॉलर है। इस आधार पर भारत अभी भी निम्न-मध्यम आय वाले देशों की श्रेणी में है। हालांकि, देश के पाँच राज्यों ने उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति करते हुए विश्व बैंक द्वारा निर्धारित उच्च-मध्यम आय वर्ग की सीमा को पार कर लिया है।

विश्व बैंक के अनुसार, उच्च-मध्यम आय वर्ग में शामिल होने के लिए प्रति व्यक्ति आय कम-से-कम 4,636 अमेरिकी डॉलर होना आवश्यक है। इस मानक को पार करने वाले राज्यों में दिल्ली प्रथम स्थान पर है।

### उच्च-मध्यम आय वर्ग में शामिल पाँच राज्य

1दिल्ली 6,217 अमेरिकी डॉलर
2कर्नाटक 5,579 अमेरिकी डॉलर
3तेलंगाना 5,407 अमेरिकी डॉलर
4तमिलनाडु 5,329 अमेरिकी डॉलर
5गुजरात 4,734 अमेरिकी डॉलर

इन राज्यों की प्रति व्यक्ति आय विश्व बैंक द्वारा निर्धारित उच्च-मध्यम आय वर्ग की सीमा से अधिक है।

### सीमा के अत्यंत निकट तीन राज्य

रिपोर्ट के अनुसार महाराष्ट्र, हरियाणा और केरल भी इस श्रेणी में प्रवेश करने के अत्यंत निकट हैं।

महाराष्ट्र – 4,628 अमेरिकी डॉलर
हरियाणा – 4,627 अमेरिकी डॉलर
केरल – 4,610 अमेरिकी डॉलर

यदि इन राज्यों की आर्थिक प्रगति की वर्तमान गति बनी रही, तो निकट भविष्य में ये भी उच्च-मध्यम आय वर्ग में शामिल हो सकते हैं।

बिहार सबसे पीछे, उत्तर प्रदेश और झारखंड भी निचले पायदान पर

रिपोर्ट में सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले राज्यों में बिहार प्रथम स्थान पर है।

बिहार – 984 अमेरिकी डॉलर
उत्तर प्रदेश – 1,403 अमेरिकी डॉलर
झारखंड – 1,470 अमेरिकी डॉलर

रिपोर्ट के अनुसार बिहार की प्रति व्यक्ति आय न केवल राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है, बल्कि कई पड़ोसी तथा उप-सहारा अफ्रीकी देशों के स्तर से भी नीचे है।

### तीन दशकों में बदली आर्थिक तस्वीर

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 1994 में भारत का कोई भी बड़ा राज्य मध्यम आय वर्ग तक नहीं पहुँचा था, जबकि वर्ष 2025-26 तक अनेक राज्यों ने उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति दर्ज की है।

कर्नाटक और तेलंगाना की प्रति व्यक्ति आय अब इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे देशों से अधिक हो चुकी है। वहीं दिल्ली सहित कई भारतीय राज्यों की प्रति व्यक्ति आय दक्षिण अफ्रीका, फिजी और मंगोलिया जैसे देशों के समकक्ष अथवा उनसे अधिक है।

## '140 करोड़ भारतीय हमारे साथ'—नेतन्याहू ने भारत को बताया इजरायल का मजबूत और भरोसेमंद मित्र

### फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में बोले—भारत से मिलता है जबरदस्त समर्थन, रक्षा, साइबर सुरक्षा और AI में सहयोग बढ़ाने की जताई उम्मीद

यरूशलम। बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत को इजरायल का "दमदार और मजबूत दोस्त" बताते हुए कहा है कि 140 करोड़ आबादी वाले भारत से इजरायल को व्यापक समर्थन मिलता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में अमेरिका के अलावा भी इजरायल के कई महत्वपूर्ण सहयोगी हैं और भारत उनमें सबसे प्रमुख देशों में शामिल है।

Fox News को दिए एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के उस बयान पर असहमति जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही दुनिया के ऐसे नेता हैं जो इजरायल के प्रति सबसे अधिक सहानुभूति रखते हैं।

नेतन्याहू ने कहा, "हमारे कुछ और दोस्त भी हैं, जैसे भारत। 140 करोड़ आबादी वाले इस देश से हमें जबरदस्त समर्थन मिलता है।" उन्होंने यह भी बताया कि उनके आधिकारिक फेसबुक पेज पर भारतीय नागरिकों की ओर से लगातार बड़ी संख्या में समर्थन और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिलती हैं।



### 'कई देश निजी तौर पर भी करते हैं समर्थन'

इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के अलावा कई अन्य देशों के नेता भी निजी तौर पर इजरायल का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि अनेक देश रक्षा, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और आधुनिक प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में इजरायल के साथ सहयोग बढ़ाने के इच्छुक हैं।

उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को व्हाइट हाउस में इजरायल का सबसे बड़ा मित्र बताया, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि हर मुद्दे पर उनकी और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की राय समान होना आवश्यक नहीं है।

### ईरान पर दोहराया सख्त रुख

ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर नेतन्याहू ने कहा कि उनकी और राष्ट्रपति ट्रंप की सोच लगभग एक जैसी है। उन्होंने दोहराया कि उनके प्रधानमंत्री रहते ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा, चाहे अमेरिका और ईरान के बीच कोई परमाणु समझौता हो या नहीं।

### क्या था जेडी वेंस का बयान?

पिछले महीने जेडी वेंस ने कहा था कि "डोनाल्ड ट्रंप ही इस समय दुनिया के एकमात्र ऐसे राष्ट्राध्यक्ष हैं, जो इजरायल के प्रति सहानुभूति रखते हैं।" उन्होंने यह भी कहा था कि यदि वह इजरायली सरकार का हिस्सा होते तो अपने सबसे शक्तिशाली सहयोगी की सार्वजनिक आलोचना नहीं करते।

# मंदिर, राम सेतु और राजनीति: कैसे बदलते रहे नेताओं के सुर





भारतीय राजनीति में भगवान राम का नाम दशकों से एक संवेदनशील और विवादित विषय रहा है। समय-समय पर अलग-अलग दलों और नेताओं के बयानों ने इस मुद्दे को गमार्या है, और हर बार यह बहस नए सिरे से शुरू हो जाती है कि कौन राम के प्रति कैसा नजरिया रखता है।2007 में केंद्र की कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने सेतुसमुद्रम शिपिंग कैनाल प्रोजेक्ट के मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया था। इस हलफनामे में यह तर्क दिया गया था कि रामायण और अन्य धार्मिक ग्रंथ ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं माने जा सकते, और इसलिए राम सेतु के अस्तित्व को पुरातात्विक या वैज्ञानिक प्रमाण के तौर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस हलफनामे पर देशभर में भारी विरोध हुआ, जिसके बाद सरकार को इसे वापस लेना पड़ा और तत्कालीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कपिल सिब्बल ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी थी। इस घटना को आज भी बीजेपी और अन्य हिंदुत्ववादी संगठन कांग्रेस के खिलाफ एक प्रमुख राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव का नाम राम मंदिर आंदोलन के दौर से जुड़ा रहा है। 1990 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने कारसेवकों पर गोली चलवाने का आदेश दिया था, जिसे लेकर बीजेपी और हिंदुत्ववादी संगठन आज भी उन्हें निशाना बनाते हैं। संसद और सार्वजनिक मंचों पर उनके कुछ बयानों को लेकर भी विवाद हुए, जिनमें अयोध्या में राम जन्मभूमि के ऐतिहासिक प्रमाणों पर सवाल उठाने की बात कही जाती रही है। हालांकि, सपा नेता इन आरोपों को अक्सर संदर्भ से काटकर पेश किए जाने की बात कहते रहे हैं।

'मिले मुलायम कांशीराम, हवा में उड़ गए जय श्रीराम' यह नारा 1993 के यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान सपा-बसपा गठबंधन के खिलाफ बीजेपी और उसके समर्थकों की ओर से गढ़ा गया था, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि सपा-बसपा गठबंधन हिंदुत्व की राजनीति के विरोध में खड़ा है। यह नारा आज भी चुनावी भाषणों में सपा को घेरने के लिए इस्तेमाल होता है।आज सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद को 'हिंदू' बताते हुए मंदिरों में पूजा-अर्चना करते और जनेऊ पहनते नजर आते हैं। आलोचक इसे चुनावी रणनीति बताते हैं, जबकि सपा नेताओं का कहना है कि यह उनकी निजी आस्था है और इसे राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर भी बीजेपी अक्सर यह आरोप लगाती है कि उनकी पार्टी की राजनीति मुस्लिम-यादव (एमवाई) समीकरण पर आधारित है, और इस वजह से राम मंदिर जैसे मुद्दों पर उनका रुख हमेशा सतर्क और गोलमोल रहा है। राजद की ओर से इसे धर्मनिरपेक्षता की राजनीति बताया जाता है, न कि किसी धर्म-विशेष के प्रति दुराग्रह।एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी लंबे समय से बीजेपी और हिंदुत्ववादी संगठनों के निशाने पर रहे हैं। उन पर मुस्लिम तुष्टिकरण और हिंदू प्रतीकों से परहेज करने के आरोप लगते रहे हैं। ओवैसी खुद अक्सर इन आरोपों को खारिज करते हुए कहते हैं कि वे भारतीय संविधान और धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखते हैं, और किसी धर्म के प्रति उनका कोई पूर्वाग्रह नहीं है।

हाल के वर्षों में संभल की जामा मस्जिद को लेकर हुए विवाद और वहां के सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क के बयानों ने भी सुर्खियां बटोरीं। यह मुद्दा भी सांप्रदायिक राजनीति और मस्जिद-मंदिर विवादों की व्यापक बहस का हिस्सा बन गया।कुछ दलित और बौद्ध नेता भी राम मंदिर आंदोलन से खुद को दूर रखते आए हैं। इसके पीछे तर्क यह दिया जाता है कि बौद्ध धर्म और अंबेडकरवादी विचारधारा हिंदू धार्मिक प्रतीकों और वर्ण-व्यवस्था से जुड़े इतिहास को अलग नजरिए से देखते हैं। इसे धार्मिक विरोध की बजाय वैचारिक और सामाजिक असहमति के तौर पर देखा जाना ज्यादा उचित होगा। इस पूरे विमर्श का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आलोचकों का तर्क है कि 'कौन राम का नाम लेता है और कौन नहीं' इस आधार पर नेताओं को कठघरे में खड़ा करना खुद एक राजनीतिक हथियार बन चुका है, जिसका इस्तेमाल चुनावों में ध्रुवीकरण के लिए किया जाता है। विपक्षी दलों का कहना है कि आस्था एक निजी विषय है, और किसी नेता के धार्मिक बयान या मौन को उसकी राष्ट्रभक्ति या देशप्रेम से जोड़ना गलत मिसाल कायम करता है। वहीं बीजेपी और उसके समर्थकों का तर्क है कि जब कोई सार्वजनिक पद पर बैठा व्यक्ति बहुसंख्यक आस्था से जुड़े प्रतीकों पर सवाल उठाता है, तो जनता को उसका जवाब मांगने का अधिकार है। लब्बोलुआब यह है कि राम मंदिर और राम सेतु जैसे मुद्दे भारतीय राजनीति में आस्था, पहचान और सामाजिक न्याय की जटिल परतों को उजागर करते हैं। यह बहस जितनी धार्मिक है, उतनी ही राजनीतिक और सामाजिक भी। किसी नेता के बयान या मौन को समझने के लिए उसके पूरे संदर्भ, समय और परिस्थिति को ध्यान में रखना जरूरी है, ताकि एकतरफा या अधूरी तस्वीर पेश करने से बचा जा सके।



संजय सक्सेना, लखनऊ

# सतलुज फिल्म की कहानी और जसवंत सिंह खालड़ा का वो अनकहा काला सच



अजय कुमार



पंजाब के इतिहास के पन्नों में कुछ अध्याय ऐसे दर्ज हैं जिन्हें चाहकर भी मिटाया नहीं जा सकता, फिर चाहे उस पर कितने ही पर्दे क्यों न डाले जाएं। बीते शुक्रवार, 3 जुलाई को जब अचानक बिना किसी पूर्व सूचना या शोर-शराबे के ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'सतलुज' रिलीज हुई, तो फिल्म जगत और दर्शकों के बीच हलचल मच गई। चार साल से सेंसर बोर्ड की फाइलों में दबी और 'पंजाब 95' से 'सतलुज' बनी यह फिल्म किसी चमत्कार से कम नहीं थी। लेकिन दर्शकों का यह कौतूहल और खुशी महज 48 घंटों की मेहमान साबित हुई। जी5 ने आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी कि 'मौजूदा डेवलपमेंट्स' के कारण भारत में इस फिल्म की स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी गई है। यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी फिल्म के साथ ऐसा हुआ हो, लेकिन सवाल यह है कि आखिर इस फिल्म में ऐसा क्या है, जिस्की वजह से इसे बार-बार प्रतिबंधित या सेंसर किया जा रहा है? फिल्म की पटकथा जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर आधारित है। खालड़ा का नाम सुनते ही पंजाब के उस दौर की रोंगटे खड़े कर देने वाली यादें ताजा हो जाती हैं, जब राज्य उग्रवाद की आग में झुलस रहा था। उस दौरान पंजाब पुलिस की कार्यप्रणाली पर जो सवाल खड़े हुए, उन्हें जसवंत सिंह खालड़ा ने अपनी जान जोखिम में डालकर सार्वजनिक किया था। फिल्म के शुरूआती दृश्य बेहद विचलित करने वाले हैं, जिनमें पुलिस द्वारा एनकाउंटर के बाद शवों को काटकर सतलुज नदी में बहाते हुए दिखाया गया है। इसका उद्देश्य केवल एक था सबूतों को मिटाना। जसवंत सिंह खालड़ा का किरदार निभाते हुए दिलजीत दोसांझ ने उस शख्स के जज्बे और दर्द को पर्दे पर उतारा है, जिसने अपने एक लापता साथी की तलाश में जो सच पाया, वह मानवता को शर्मसार कर देने वाला था।

खालड़ा ने जब जांच शुरू की, तो उन्हें पता चला कि जिन लोगों को पुलिस ने 'लावारिस' बताकर श्मशान घाटों में चुपचाप जला दिया, उनके परिवार वाले उन्हें सालों से 'लापता' मानकर दर-दर भटक रहे थे। केवल एक श्मशान घाट के रिकॉर्ड की जांच में खालड़ा को 600 ऐसे मामले मिले। अपनी गहन पड़ताल के आधार पर उन्होंने दावा किया था कि उस दौर में पंजाब पुलिस ने करीब 25,000 लोगों को इसी तरह गैर-कानूनी तरीके से 'लावारिस' घोषित कर मार डाला। यह केवल एक आरोप नहीं था, बल्कि खालड़ा ने अंतरराष्ट्रीय मंचों से लेकर भारतीय अदालतों तक इस मुद्दे को उठाया। इस लड़ाई का नतीजा यह निकला कि मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और सीबीआई जांच के आदेश हुए। सीबीआई की रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि केवल तरण-तारण जिले में ही 2,097 लोगों का पुलिस ने गैर-कानूनी तरीके से अंतिम संस्कार कर दिया था। इस सच को सामने लाने की कीमत जसवंत सिंह खालड़ा को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। 1995 में उन्हें उनके घर के सामने से अपहरण कर लिया गया और फिर वे कभी वापस नहीं लौटे। 2005 और 2007 में अदालती फैसलों ने उन पुलिस अधिकारियों को दोषी करार दिया जिन्होंने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया था।

अब सवाल यह उठता है कि क्या यह कहानी अनसुनी है? नहीं, यह इतिहास का हिस्सा है, यह मल्लिका कौर की पुस्तक 'फेथ, जेंडर, एंड एक्टिविज्म इन द पंजाब कॉन्फ्लिक्ट' में दर्ज है और कोर्ट के दस्तावेजों में भी मौजूद है। फिर फिल्म को 'सेंसिटिव' बताकर क्यों रोका जा रहा है? फिल्म की टीम ने यहां एक बहुत ही बारीक संतुलन बनाया है। यह फिल्म किसी एक राजनीतिक दल या विचारधारा को निशाना नहीं बनाती, बल्कि उस दौर में सत्ता और वर्दी के दुरुपयोग के उस वीभत्स चेहरे को दिखाती है, जिसने अनगिनत परिवारों को तबाह कर दिया। फिल्म में कहीं भी यह तर्क नहीं दिया गया है कि मारे गए सभी लोग बेकसूर थे, लेकिन यह प्रश्न जरूर खड़ा किया गया है कि क्या पुलिस को यह अधिकार है कि वह न्याय प्रक्रिया को दरकिनार कर खुद ही जज, जूरी और जल्लाद बन जाए? फिल्म में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या का एंगल भी बेहद महत्वपूर्ण है। फिल्म दिखाती है कि कैसे पुलिस ने उस आत्मघाती हमलावर के पूरे परिवार को उग्रवाद के समर्थन के शक में खत्म कर दिया। असल जिंदगी में भी मुख्यमंत्री की हत्या में शामिल रहे लोग पंजाब पुलिस के ही कांस्टेबल थे, और यह तथ्य पिछले तीन दशकों से पंजाब की राजनीति और सामाजिक चचाओं का एक बहुत ही जटिल हिस्सा रहा है। पुलिस के एक बड़े अधिकारी का किरदार फिल्म में दिखाया गया है, जो वास्तविक जीवन के एक चर्चित पुलिस अधिकारी से मिलता-जुलता है। अगर सिनेमा को फिक्शन में रियल किरदारों का गौरवगान करने का अधिकार है, तो क्या उसे समाज के लिए आईना दिखाने वाले विवादित तथ्यों को पर्दे पर लाने का हक नहीं है? 'सतलुज' को प्रतिबंधित करने का यह कदम उन दर्शकों में भारी निराशा और आक्रोश पैदा कर रहा है, जिन्होंने इसे देखा है। सोशल मीडिया पर लोग उन कहानियों को साझा कर रहे हैं जो उनके परिवारों ने उस दौर में झेली थीं। यह फिल्म महज एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि उन लोगों के लिए एक मरहम है जिनके घाव आज भी हरे हैं। फिल्म यह एहसास कराती है कि उनका दर्द दुनिया ने देखा है। जो 48 घंटे यह फिल्म प्लेटफॉर्म पर रही, इसने एक गहरी संवेदना जगाई पहले उस बर्बरता को देखकर लोग हैरान हुए, और फिर जब उन्हें पता चला कि यह सब असल में हुआ था, तो वे स्तब्ध रह गए।

अंत में, यह कहना गलत नहीं होगा कि सेंसरशिप का यह खेल केवल उस सच को दबाने की कोशिश है जो सत्ता के गलियारों में असहजता पैदा करता है। जिस दौर में हम सूचनाओं के युग में जी रहे हैं, वहां किसी फिल्म को 'सेंसिटिव' बताकर हटा देना केवल लोगों के गुस्से को और भड़काता है। फिल्म 'सतलुज' कोई अलगाववादी एजेंडा नहीं चलाती, यह केवल एक ऐसे शख्स की कहानी है जिसने निडर होकर कानून के रक्षकों द्वारा किए गए अवैध कृत्यों के खिलाफ आवाज उठाई। अगर यह फिल्म राजनीतिक तौर पर किसी को नुकसान पहुंचाती भी है, तो वह केवल उन्हीं को जिनका अतीत इन काले कारनामों से जुड़ा है। एक लोकतांत्रिक देश में, जहाँ अभिव्यक्ति की आजादी की बातें होती हैं, वहां इस तरह का प्रतिबंध लगाना उस त्रासदी को एक बार फिर से जीवित कर देता है जो दशकों पहले घटित हुई थी। यह फिल्म केवल एक आदमी की बहादुरी की गाथा नहीं है, यह उन अनगिनत लोगों की आवाज है जो सिस्टम के शोर में दबकर रह गए थे। इसे रोककर, सिस्टम ने अनजाने में इस फिल्म और इसकी कहानी को और भी ज्यादा चर्चित बना दिया है, क्योंकि सच को पर्दे के पीछे छुपाना नामुमकिन है, वह किसी न किसी रास्ते से बाहर आ ही जाता है।

# गगनयान के परीक्षणों में इसरो को मिली बड़ी सफलता

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने एक बार फिर अपनी तकनीकी क्षमता और दृढ़ संकल्प का लोहा मनवाया है। भारत के पहले मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान की दिशा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर पार कर लिया गया है। इसरो ने गगनयान मिशन के लिए अपने इंटीग्रेटेड पैराशूट टेस्ट और सब ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल फॉर एक्सपेरिमेंट्स (SOLVE) यानी सॉल्वे सॉलिड मोटर का पहला ग्राउंड टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह सफलता केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भारत अब अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने और उन्हें सुरक्षित वापस लाने की अत्यंत जटिल तकनीक में पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो रहा है। गगनयान मिशन का मुख्य उद्देश्य तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में लगभग चार सौ किलोमीटर की ऊंचाई पर ले जाना और तीन दिन के सफल मिशन के बाद उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। इस पूरे मिशन में सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहलू अंतरिक्ष यात्रियों की पुख्ता सुरक्षा है और हाल ही में किए गए ये परीक्षण सीधे तौर पर इसी सुरक्षा प्रणाली से जुड़े हुए हैं।

सॉल्वे सॉलिड मोटर का सफल परीक्षण क्रू एस्केप सिस्टम की विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने के लिए एक बहुत बड़ा और निर्णायक कदम है। यह एक विशेष प्रकार का रॉकेट है जिसे इसरो ने विशेष रूप से केवल गगनयान के क्रू मॉड्यूल के उड़ान परीक्षणों के लिए विकसित किया है। इस सॉलिड मोटर को पीएसएलवी रॉकेट के स्ट्रैप ऑन मोटर के आधार पर तैयार किया गया है लेकिन इसमें गगनयान मिशन की विशेष और सख्त आवश्यकताओं के अनुसार कई बड़े बदलाव किए गए हैं। इसमें धीमी गति से जलने वाले प्रोपेलेंट का उपयोग किया गया है ताकि यह आवश्यक समय तक लगातार और नियंत्रित ऊर्जा प्रदान कर सके। इसके साथ ही इसमें सेकेंडरी इंजेक्शन थ्रस्ट वेक्टर कंट्रोल जैसी अत्यधिक उन्नत तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया है। यह तकनीक रॉकेट की दिशा को सटीक रूप से नियंत्रित करने में मदद करती है। इस मोटर का मुख्य काम उड़ान के दौरान किसी भी आपात स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों वाले क्रू मॉड्यूल को मुख्य रॉकेट से तुरंत एक सुरक्षित दूरी पर खींच ले जाना है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में किया गया यह ग्राउंड टेस्ट यह साबित करता है कि मोटर का प्रदर्शन इसरो के कड़े मानकों पर पूरी तरह से खरा उतरा है।

इसके साथ ही इंटीग्रेटेड पैराशूट टेस्ट भी अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब क्रू मॉड्यूल अंतरिक्ष से अपना मिशन पूरा करके वापस पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करेगा तो उसकी गति अत्यधिक तीव्र होगी। इस भयंकर गति को कम करने और भारी क्रू मॉड्यूल को समुद्र की सतह पर बहुत ही सुरक्षित रूप से उतारने के लिए पैराशूट प्रणाली का बिना किसी चूक के काम करना आवश्यक है। इसरो ने इस रिकवरी प्रणाली में कुल दस पैराशूट्स का एक जटिल और अचूक नेटवर्क तैयार किया है। इस प्रणाली के तहत सबसे पहले एपेक्स कवर अलग होता है जिसके तुरंत बाद गति को कम करने के लिए दो ड्रोग पैराशूट खुलते हैं। जब मॉड्यूल की तेज गति कुछ हद तक नियंत्रित हो जाती है तो अंत में तीन विशाल मुख्य पैराशूट खुलते हैं जो क्रू मॉड्यूल को बंगाल की खाड़ी या अरब सागर के पानी में बेहद सुरक्षित और धीमी गति से लैंड कराते हैं। इस पूरी प्रक्रिया को स्पलैशडाउन कहा जाता है। इंटीग्रेटेड पैराशूट टेस्ट की शानदार सफलता यह सुनिश्चित करती है कि पैराशूट खुलने की टाइमिंग और उनका तनाव सहने की क्षमता बिल्कुल सटीक है।

गगनयान मिशन भारत के लिए कई मायनों में बहुत अधिक चुनौतीपूर्ण है। इंसानों को अंतरिक्ष की यात्रा पर भेजना केवल उपग्रह भेजने से बिल्कुल अलग और कहीं अधिक जटिल वैज्ञानिक प्रक्रिया है। इसके लिए इसरो अपने सबसे भारी और भरोसेमंद रॉकेट एलवीएम थ्री का उपयोग कर रहा है जिसे मानव उड़ान के अनुकूल बनाने के लिए ह्यूमन रेटेड किया जा रहा है। ह्यूमन रेटिंग का सीधा अर्थ यह है कि रॉकेट का हर एक पुर्जा और हर एक प्रणाली शत प्रतिशत सुरक्षित और भरोसेमंद होनी चाहिए। इसके अलावा अंतरिक्ष यात्रियों के लिए मॉड्यूल के भीतर एक सुरक्षित और आरामदायक वातावरण बनाए रखना भी एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसके लिए इसरो एक विशेष पर्यावरण नियंत्रण और जीवन रक्षक प्रणाली विकसित कर रहा है जो अंतरिक्ष यात्रियों को लगातार ऑक्सीजन प्रदान करेगी और कार्बन डाइऑक्साइड तथा नमी को नियंत्रित रखेगी। यह उन्नत प्रणाली पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित है जो भारतीय वैज्ञानिकों की असीमित बुद्धिमत्ता को दशार्ती है।

अंतरिक्ष से वापसी के दौरान क्रू मॉड्यूल को भयानक गर्मी का सामना करना पड़ता है। जब यह मॉड्यूल वायुमंडल की घनी परतों से तेज गति से टकराता है तो घर्षण के कारण उसका बाहरी तापमान हजारों डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इस अत्यधिक और जानलेवा गर्मी से अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित बचाने के लिए क्रू मॉड्यूल के बाहरी हिस्से पर एक विशेष प्रकार का थर्मल हीट शील्ड लगाया गया है। यह शील्ड मॉड्यूल के भीतर के तापमान को बिल्कुल सामान्य बनाए रखने में मदद करता है। इसरो ने इस हीट शील्ड का निर्माण भी स्वदेशी रूप से किया है और इसके कई सफल परीक्षण पहले ही किए जा चुके हैं। वापसी के अंतिम चरण में भारतीय नौसेना की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाती है। जैसे ही क्रू मॉड्यूल समुद्र में गिरेगा नौसेना के कुशल गोताखोर और विशेष जहाज तुरंत वहां पहुंचकर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालेंगे। इसके लिए इसरो और भारतीय नौसेना मिलकर लगातार कड़ा अभ्यास कर रहे हैं ताकि रिकवरी प्रक्रिया में एक सेकंड की भी कोई चूक न हो।

इस मिशन के लिए भारतीय वायुसेना के चार बेहद अनुभवी टेस्ट पायलटों को चुना गया है जिन्होंने रूस में अपना शुरूआती कड़ा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। अब वे भारत में गगनयान मिशन के लिए विशेष रूप से स्थापित अत्याधुनिक सुविधाओं में आगे का तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन अंतरिक्ष यात्रियों को उड़ान के हर छोटे बड़े चरण और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है। गगनयान मिशन की सफलता से भारत दुनिया का चौथा ऐसा देश बन जाएगा जिसने पूरी तरह से अपने दम पर इंसानों को अंतरिक्ष में भेजा है। इससे पहले केवल रूस अमेरिका और चीन ने ही यह असाधारण उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता भारत की वैश्विक छवि को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी और अंतरिक्ष कूटनीति के क्षेत्र में भारत का दबदबा और भी अधिक मजबूत होगा।

इसके अलावा गगनयान मिशन का भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास पर भी बहुत गहरा और सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह महत्वाकांक्षी मिशन देश में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगा। इससे युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि बहुत अधिक बढ़ेगी और देश को नए वैज्ञानिक तथा कुशल इंजीनियर मिलेंगे। इस मिशन के लिए कई नई और उन्नत तकनीकों का विकास किया जा रहा है जिनका भविष्य में चिकित्सा उद्योग और अन्य क्षेत्रों में भी व्यापक उपयोग किया जा सकेगा। भारतीय अंतरिक्ष उद्योग में निजी क्षेत्र और स्टार्टअप्स की भागीदारी भी तेजी से बढ़ रही है जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बहुत ही शानदार संकेत है। यह मिशन भारत के लिए केवल एक वैज्ञानिक परियोजना मात्र नहीं है बल्कि यह करोड़ों भारतीयों के सपनों असीम आकांक्षाओं और राष्ट्रीय गौरव का सर्वोच्च प्रतीक है।

अंत में यह कहना बिल्कुल सही और तर्कसंगत होगा कि सॉल्वे सॉलिड मोटर और इंटीग्रेटेड पैराशूट टेस्ट की इस हालिया सफलता ने गगनयान मिशन की नींव को बहुत ही ज्यादा मजबूत कर दिया है। इसरो के वैज्ञानिकों ने दिन रात एक करके इस जटिल और महंगी तकनीक को अपने ही देश में विकसित करके एक मिसाल कायम की है। अब वह स्वर्णिम दिन दूर नहीं है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह से स्वदेशी रॉकेट में बैठकर अंतरिक्ष की अनंत यात्रा करेगा और वहां तिरंगे का मान बढ़ाएगा। यह महान सफलता अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत के एक बहुत ही सुनहरे भविष्य की मजबूत शुरूआत है और पूरे देश को अपने वैज्ञानिकों की इस शानदार उपलब्धि पर बहुत गर्व है। गगनयान मिशन के हर नए चरण की सफलता के साथ भारत अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व गुरु बनने की दिशा में पूरे आत्मविश्वास के साथ मजबूती से कदम बढ़ा रहा है।

महेन्द्र तिवारी

## पंडवानी की अमर आवाज...!

ऐसा हुनर कि इतिहास भी झुककर सलाम करें ,
डॉ तीजन बाई का हर स्वर, भारत का नाम करे।
जिनके स्वर में मिट्टी की सौंधी खुशबू बसती थी,
वे हर पंक्ति में संस्कृति की दीपशिखा रचती थी।

उनके तंबूरे की तान में था, साहस का उजियारा,
गायन शैली ने कर दिया लोककला को सितारा।
जो कला को इबादत समझ जीवनभर गाती रहीं,
वह अपने सुरों से पीढ़ियों को राह दिखाती रहीं।

रूढ़ियों की दीवारें तोड़ संघर्ष को ताकत बनाया,
जिसने पंडवानी को विश्व पटल पे मान दिलाया।
शरीर भले आज मौन हुआ, पर स्वर अमर रहेगा,
ओजस्वी वाणी का गौरव युगों तक सदा पूजेगा।

संजय एम तराणेकर

## धूर्तों की सत्ता

धूर्तों की जब सत्ता आये तब जनता पछताए,
मन पर अपनी बोझ लिए आंख से आंसू बहाए।
धर्म के आड़ में धोखा दिया भक्ति बना कमाई,
ढोल बजाकर ढोंग दिखाया सबको लिया लुभाई।
बात बनाया वादे किया पर किया नही भलाई,
भेद खुला तो जनता बोली अब चली नही चतुराई।
विकास की लेकर डंका बजा निकला केवल बड़ाई,
वो वादा करे विकास की पर हुआ हवा हवाई।
जाती जगाकर जन जन में बढ़ाया केवल लड़ाई,
प्रेम भाव का नाम मिटाया सद्भाव बना परछाई।
मुंह पर मीठा मन मे माया ये कैसा अगुआई,
सच सबूत से मुंह मोड़ कर कबतक जान बचाई।
काम खराब और कड़वा बात से टूट चुका अंगड़ाई,
बिन कागज गिने काम बताओ लोग मांगे सफाई।
सेवा के लिए ही सत्ता है मत समझो ठकुराई,
जन गण मन के दर्द समझिए इसी में है भलाई।
वेद के शब्द न बिके झुके न सत्ता से घबराई,
सच मे सीना तान के बोले ये कलम कभी न बिकाई।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## जेवर पुलिस ने मारपीट के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

नोएडा। थाना जेवर पुलिस ने मैरिज होम में कार्यरत एक वेटर के साथ कथित मारपीट और गाली-गलौज के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।
पुलिस के अनुसार, वादी ने शिकायत दी थी कि ललित पुत्र अशोक उर्फ पप्पू ने अपने साथियों के साथ मिलकर मैरिज होम में कार्यरत वेटर के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। शिकायत मिलते ही थाना जेवर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों ललित पुत्र अशोक छोंकर, निवासी मोहल्ला सल्लियान, कस्बा एवं थाना जेवर तथा तुषार तोमर पुत्र राजकुमार, निवासी होली चौक, कस्बा एवं थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# गौतमबुद्धनगर: संपूर्ण समाधान दिवस में 171 शिकायतें प्राप्त, 13 का मौके पर निस्तारण

### जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश, आईजीआरएस शिकायतों पर विशेष जोर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से रविवार को गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 171 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।
तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की। यहां कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों का सत्यापन करें तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।




इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मदन मोहन मणि त्रिपाठी, एसीपी ग्रेटर नोएडा-क्क्क डॉ. रविशंकर मिश्र, प्रभारी जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए नेहा सिंह, तहसीलदार सदर अजय कुमार, नायब तहसीलदार ज्योत्सना सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।
वहीं, तहसील जेवर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 72 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि तहसील दादरी में उप जिलाधिकारी अनुज नेहरा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 82 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 6 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया।

## गौतमबुद्धनगर में शराब की दुकानों और बारों पर आबकारी विभाग की आकस्मिक जांच

नोएडा। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश तथा जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में जनपद में संचालित देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप एवं बार अनुज्ञापनों का शनिवार को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षकों ने संबंधित थाना पुलिस के साथ संयुक्त रूप से प्रवर्तन अभियान चलाते हुए विभिन्न मदिरा दुकानों और बारों की जांच की। इस दौरान दुकानों के काउंटर पर ब्रांडवार शराब का निर्धारित तरीके से प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कैंटीनों की भी गहन जांच की गई।



निरीक्षण के दौरान विभाग की ओर से गोपनीय टेस्ट परचेज (Test Purchase) कराकर बिक्री प्रक्रिया की निगरानी की गई। अधिकारियों ने सभी अनुज्ञापियों और विक्रेताओं को दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रियल टाइम रिकॉर्डिंग सुचारु रूप से संचालित रखने तथा 100 प्रतिशत बिक्री पीओएस मशीन के माध्यम से करने के निर्देश दिए।
आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने तथा लाइसेंसधारकों द्वारा नियमों के पूर्ण अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण और प्रवर्तन अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# महर्षि महेश योगी अंतरराष्ट्रीय कृषि विश्वविद्यालय को यूपी कैबिनेट की मंजूरी

### कानपुर के बिल्हौर में होगा विश्वविद्यालय का स्थापना, कृषि अनुसंधान, जैविक खेती और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने महर्षि महेश योगी अंतरराष्ट्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के बाद महर्षि संस्थान परिवार में खुशी का माहौल है। संस्थान के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है।
कैबिनेट की स्वीकृति के बाद यह विश्वविद्यालय कानपुर जनपद के बिल्हौर में स्थापित किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि यह विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के कृषि एवं उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना से आसपास के जनपदों के हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा, अनुसंधान और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।
उन्होंने कहा कि यह संस्थान कृषि अनुसंधान, नवाचार, आधुनिक तकनीक और जैविक खेती को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही यह महर्षि महेश योगी की उस दूरदर्शी सोच को साकार करेगा, जिसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जैविक कृषि के माध्यम से किसानों एवं समाज के समग्र विकास की परिकल्पना की गई थी।
संस्थान के उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ महर्षि महेश योगी का भारत को जैविक खेती के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने का सपना साकार होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है।



गवर्निंग बॉडी के सदस्य पंकज शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय के माध्यम से किसानों तक उन्नत कृषि तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती की आधुनिक पद्धतियों को पहुंचाया जाएगा। इससे किसानों की आय बढ़ाने, खेती को अधिक लाभकारी बनाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।
उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार का उत्कृष्ट केंद्र बनेगा, जहां कृषि वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और किसानों के बीच ज्ञान एवं तकनीक का प्रभावी समन्वय स्थापित होगा। इससे उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के कृषि क्षेत्र को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी।

# ओबीसी बेरोजगार युवाओं के लिए ओ-लेवल और सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण, 10 जुलाई तक करें आवेदन

### गौतमबुद्धनगर में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजना, चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति करेगी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगारपरक कंप्यूटर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ओ-लेवल एवं सीसीसी (CCC) कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 10 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया ने बताया कि योजना का लाभ ऐसे ओबीसी अभ्यर्थियों को मिलेगा, जिन्होंने कम से कम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया हो तथा जिनके माता-पिता या अभिभावक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय एक लाख रुपये या उससे कम हो। प्रशिक्षण भारत सरकार की संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि आवेदन 16 जून से 10 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन किए जा सकते हैं। आवेदन करने के बाद अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेजों सहित 10 जुलाई 2026 सायं 5 बजे तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, गौतमबुद्धनगर में जमा करना अनिवार्य होगा।
योजना से संबंधित पात्रता, दिशा-निर्देश, समय-सारिणी एवं आवेदन प्रक्रिया विभागीय वेबसाइट backwardwelfareup.gov.in तथा योजना के पोर्टल obccomputer-training.upsdc.gov.in पर उपलब्ध है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थियों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपदीय समिति द्वारा किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विकास भवन, गौतमबुद्धनगर स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (कक्ष संख्या-111) में कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।

# गाजियाबाद में सघन वेद प्रचार सम्मेलन संपन्न, वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए 11 लाख रुपये का सहयोग

### आर्य कृष्ण मुनि बोले—वेद मानव मात्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग, आचार्य धर्मपाल ने वेदों की उपेक्षा को बताया पराधीनता का कारण

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गाजियाबाद। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा एवं जावली आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को लोनी स्थित एसपीआर पैलेस, जावली में सघन वेद प्रचार सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान विजयपाल कसाना ने की।
मुख्य अतिथि केपी सिंह कसाना एवं अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सविंदर भाटी ने कहा कि समाज और परिवार को संस्कारित बनाने के लिए आर्य समाज के सिद्धांतों पर चलना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर सविंदर भाटी ने वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए जिला आर्य प्रतिनिधि सभा को 11 लाख रुपये का सहयोग प्रदान करते हुए भविष्य में भी समाजहित में सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया।
सम्मेलन में सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक कुलदीप आर्य एवं कल्याणी आर्या ने ईश्वर भक्ति और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित



श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया तथा वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया।
मुख्य वक्ता आचार्य धर्मपाल ने कहा कि भारत की दीर्घकालीन पराधीनता का प्रमुख कारण वेदों की उपेक्षा रही है। उन्होंने कहा कि यदि समाज अपनी प्राचीन वैदिक परंपराओं को पुनः अपनाएगा, तभी राष्ट्र और संस्कृति का संरक्षण संभव होगा।
मुख्य वक्ता आर्य कृष्ण मुनि ने कहा कि समाज में बढ़ते नशे, नैतिक पतन, शोषण और अधैर्य जैसी समस्याओं का समाधान केवल वेदों में निहित है। उन्होंने कहा कि "वेद मानव मात्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग हैं।" यदि समाज वेदों की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाए तो राष्ट्र और विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।
इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। स्वागताध्यक्ष सूबेदार जयपाल सिंह ने सभी विद्वानों एवं अतिथियों का पीतवस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान लोनी क्षेत्र के कक्षा 9 से 12 तक के 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र सिंह आर्य, नरेंद्र पांचाल, राजपाल कसाना, कृष्णदेव आर्य, बबली कसाना, जयप्रकाश आर्य, सतीश आर्य, विष्णुदत्त शर्मा, जगस्वरूप आर्य, नरेश त्यागी सहित गाजियाबाद की विभिन्न आर्य समाजों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंच संचालन जिला सभा के मंत्री सत्यवीर चौधरी ने किया, जबकि कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं ऋषि लंगर के साथ हुआ।

## कांवड़ यात्रा को लेकर दादरी में पुलिस की शांति समिति बैठक, डीसीपी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### डीजे संचालकों और शिविर आयोजकों से नियमों के पालन की अपील, यातायात, सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था पर विशेष जोर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। आगामी कांवड़ यात्रा एवं जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा थाना दादरी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, डीजे संचालकों तथा कांवड़ शिविर आयोजकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।
पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में आयोजित बैठक में डीसीपी ग्रेटर नोएडा रविशंकर निम, एडीसीपी ग्रेटर नोएडा संतोष कुमार के पर्यवेक्षण तथा एसीपी-2 ग्रेटर नोएडा प्रशाली गंगवार की मौजूदगी में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
पुलिस अधिकारियों ने सभी से जनपद में सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या ऐसी गतिविधि से बचें, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित हो।
बैठक के दौरान डीजे संचालकों को निर्धारित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। वहीं, कांवड़ शिविर संचालकों से कहा गया कि शिविर केवल प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही लगाए जाएं, ताकि यातायात बाधित न हो।
अधिकारियों ने वर्षा ऋतु को देखते हुए शिविरों में लगे विद्युत उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, शॉर्ट सर्किट से बचाव के उपाय करने तथा प्रत्येक शिविर में आपातकालीन मेडिकल किट उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कांवड़ यात्रा के दौरान सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं तथा सभी संबंधित पक्षों के सहयोग से यात्रा को सकुशल संपन्न कराया जाएगा।



अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# फोर्टिस नोएडा की 'रन फॉर वेलनेस' में 1,200 से अधिक लोगों ने लगाई दौड़, स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश

### 10, 5 और 3 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन, साड़ी रन रही आकर्षण का केंद्र; विशेषज्ञों ने प्रिवेंटिव हेल्थकेयर पर दिया जोर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा द्वारा आयोजित 'फोर्टिस नोएडा रन फॉर वेलनेस' में 1,200 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। आयोजन में बच्चों, महिलाओं, अनुभवी धावकों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।
इस अवसर पर 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 3 किलोमीटर साड़ी रन रही, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में दौड़ लगाकर महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।



कार्यक्रम के दौरान फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा की एडिशनल डायरेक्टर एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. ज्योति आनंद ने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का उद्देश्य केवल बीमारी का उपचार करना नहीं, बल्कि उसकी समय रहते रोकथाम और शीघ्र पहचान सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच, शरीर में दिखाई देने वाले शुरूआती चेतावनी संकेतों के प्रति जागरूकता और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाया जा सकता है। इससे उपचार अधिक प्रभावी होता है और रोगी के स्वस्थ होने की संभावना भी काफी बढ़ जाती है।
फोर्टिस हॉस्पिटल के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के आयोजन लोगों को नियमित व्यायाम अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प भी लिया।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# जेवर पुलिस ने फायरिंग के आरोपी को दबोचा, तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना जेवर पुलिस ने पुरानी रंजिश में फायरिंग कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।
पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने थाना जेवर में शिकायत दर्ज कराई थी कि सौरभ पुत्र ऋषिपाल ने पुराने विवाद के चलते अवैध तमंचे से उसके पति, पुत्र और पुत्रवधू पर फायरिंग की। घटना में उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार




जारी है। शिकायत के आधार पर थाना जेवर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया। मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी सौरभ पुत्र ऋषिपाल, निवासी ग्राम थोरा, थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर को मंगरौली अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया।
तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त .315 बोर का एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।
पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं तथा आर्म्स एक्ट की धारा 3/25/27 के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# दिल्ली की पहली बारिश में धंसी सड़क, गड्ढे में फंसा जल बोर्ड का टैंकर; बड़ा हादसा टला

### साकेत बीआरटी रोड पर सड़क धंसने से यातायात प्रभावित, जल निकासी व्यवस्था पर उठे सवाल

बादल हुसैन, समाज जागरण

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में मानसून की पहली बारिश ने नगर निगम और संबंधित विभागों की तैयारियों की पोल खोल दी। दक्षिण दिल्ली के साकेत स्थित बीआरटी रोड पर सड़क धंस जाने से दिल्ली जल बोर्ड का एक पानी का टैंकर गहरे गड्ढे में फंस गया। हालांकि चालक सुरक्षित बच गया और बड़ा हादसा टल गया।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चिराग दिल्ली के पास साकेत बीआरटी रोड पर सड़क का एक हिस्सा अचानक धंस गया। उसी दौरान वहां से गुजर रहा दिल्ली जल बोर्ड का पानी का टैंकर गड्ढे में फंस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों की मदद से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

टैंकर के सड़क पर फंसने से मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और संबंधित विभागों को यातायात सुचारु रखने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।
मानसून की पहली ही बारिश में सड़क धंसने की घटना के बाद राजधानी की सड़क निर्माण गुणवत्ता और जल निकासी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बरसात के मौसम से पहले सड़कों और ड्रेनेज सिस्टम का नियमित रखरखाव किया जाए तो ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है।
फिलहाल संबंधित विभाग सड़क की मरम्मत और यातायात को सामान्य करने में जुटे हुए हैं।

# नोएडा पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन बदमाश गिरफ्तार

### 12 चोरी की मोटरसाइकिलें, फर्जी नंबर प्लेट और तीन अवैध चाकू बरामद, दिल्ली-एनसीआर में देते थे वारदात को अंजाम

नोएडा। थाना फेस-2 पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे एवं निशानदेही पर 12 चोरी की मोटरसाइकिलें, एक फर्जी नंबर प्लेट तथा तीन अवैध चाकू बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों फरदीन उर्फ सोहेल, फैजान उर्फ कल्लू और फिरोज को निम्मी विहार पुस्ता के पास से गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र के निवासी हैं। जांच में पता चला कि बरामद 12 मोटरसाइकिलों में से दो मोटरसाइकिलों के संबंध में थाना फेस-2 तथा तीन मोटरसाइकिलों के संबंध में दिल्ली के ई-एमवी थेफ्ट पुलिस स्टेशन में मुकदमे दर्ज हैं। अन्य बरामद वाहनों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।
पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में घरों, बाजारों और दुकानों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते थे। चोरी के दौरान विरोध या पकड़े जाने की स्थिति में लोगों को डराने-धमकाने के लिए अपने पास अवैध चाकू रखते थे। चोरी की गई मोटरसाइकिलों को कम कीमत पर बेचकर उससे मिलने वाले रुपये मौज-मस्ती और अपने शौक पूरे करने में खर्च करते थे।

# तहसील संभल परिसर में डीएम व एसपी ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**समाज जागरण**

संभल। पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तहसील संभल परिसर में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने पौधारोपण किया।



कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पौधे लगाकर हरित विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रोपे गए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी संभल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है : जो कश्मीर हमारा है, वह सारा का सारा है

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर हिंदू जागृति मंच की विचार गोष्ठी

**समाज जागरण**

संभल। हिंदू जागृति मंच द्वारा नगर के तिरंगा मार्केट में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के विचारों पर चलने और राष्ट्र एकता के संकल्प को दोहराया।



कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर के प्रधानाचार्य एवं मुख्य अतिथि अतुल कुमार शर्मा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

अपने संबोधन में अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था। वे महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। वे "एक देश, दो विधान, दो निशान" के कट्टर विरोधी थे।

हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी की सोच थी कि विभाजित कश्मीर नहीं बल्कि संपूर्ण कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इसीलिए भारतीय जनसंघ अर्थात वर्तमान भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट मत है "जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है। जो कश्मीर हमारा है, वह सारा का सारा है।"

उन्होंने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को भारत का हिस्सा बताते हुए इसे भारत में मिलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर सुबोध कुमार गुप्ता, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अरुण कुमार अग्रवाल, उमेश श्रीमाली, शलभ रस्तोगी, रोहित कुमार, सुमन वर्मा आदि ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके राष्ट्रभक्ति, स्पष्टवादिता और जनसेवा के विचारों को साझा किया।

वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अद्भुत देशभक्त, कुशल राजनीतिज्ञ, भारत माता का अनन्य सेवक और जन-जन के प्रेरणा स्रोत बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा ने की एवं संचालन सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएं, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में किया जाए तथा शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों में स्थलीय जांच आवश्यक है, उनमें संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें तथा तथ्यात्मक आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान करना सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।



उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे।

आज संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 24 शिकायतें दर्ज की गयीं, जिन में 03 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर रितु रानी, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस मैं 104 शिकायतो में से 10 का हुआ निस्तारण।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। प्रदेश शासन की प्राथमिकताओ के अनुरूप जन सामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आज तहसील सिरसागंज के सभागार कक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, इस अवसर पर तहसील, ब्लॉक एवं जिला स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। समाधान दिवस के दौरान सिरसागंज के सुदुर क्षेत्रों से आए नागरिकों ने भूमि विवाद एवं अवैध कब्जो, राजस्व अभिलेखों में त्रुटियां, वन भूमि, प्रोबेशन विभाग से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं व शिकायतों को जिलाधिकारी के सामने प्रस्तुत किया, जिलाधिकारी ने सभी फरियादी की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना, उन्होने उपस्थित अधिकारियों को कडे.निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

समाधान दिवस में शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को ससमय निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जमीन से जुडे.मामलों मे राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और न्यायोचित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर निम्न प्रार्थियों ने अपनी शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जिनमें जवाहर सिंह एवं समस्त निवासीगढ ग्राम मौलापुर ने शिकायत कि की गाटा सं0 1094, 1097, 1098 के मध्य स्थित चकरोड गाटा सं0 (1095) पर विपक्षीगणों द्वारा अवैध कब्जा कर रास्ता अवरूद्ध कर लिया गया है व गंदगी फैलाई जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर पैमाइश करने, चकरोड को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराने तथा ग्राम पंचायत के माध्यम से मिटटी व पक्का रास्ता बनवाने के कडे.निर्देश दिए।

इसी तरह कविता जो अम्बेडकर सिरसागंज की निवासनी है ने शिकायत कि की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत उन्होने अपने दो बच्चों के आवेदन दिए थे, परंतु उप जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा उनके आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है, इन्होने जिलाधिकारी से प्रार्थना कि की सही जांच कराकर इस योजना का लाभ दिलाने की कृपा करें जिस पर जिलाधिकारी ने मामले की संवदेनशीलता को देखते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया किया कि आवेदनो की नियमानुसार पुनः गहनता से पात्रता जांच कराई जाए और पात्र होने पर तत्काल योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए।

इसी तरह फूलमती देवी ग्राम कीठौत ने यह शिकायत कि की राजस्व ग्राम भदेसरा के गाटा सं0 888/3.238 है0 के राजस्व अभिलेखों में हुए गम्भीर अनियमितताओं व अवैध नाम हस्तांतरण की स्पष्ट जांच कराई जाए, इस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सिरसागंज को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण प्रकरण की विधिक प्रक्रियाओं की गहन जांच कर 7 कार्य दिवसों के भीतर आख्या प्रस्तुत करें तथा दोषियो के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इसी तरह चंद्रपाल ग्राम मढैया नन्दराम ने शिकायत कि की वन विभाग की सुरक्षित भूमि पर गांव के ही दबंग व्यक्तियों द्वारा अवैध निर्माण कर मकान बनाया जा रहा है कृपया इसकी जांच कराई जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार एवं वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया की वन भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को तत्काल रूकवाते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाए तथा स्थानीय पुलिस को दबंगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी तरह प्रेमचंद्र निवासी जैमतपुर ने शिकायत की कि मृतक शिव दयाल सिंह का गढसान मौजा के सेक्रेटरी द्वारा अभी तक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नही किया जा रहा है, इससे भूमि सम्बन्धी उसके कार्यों में व्यवधान आ रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी मदनपुर को तत्काल निर्देशित किया कि वह सेक्रेटरी से स्पष्टीकरण प्राप्त करें तथा विधिक साक्ष्यों के आधार पर आवेदक को अविलम्ब प्रमाण पत्र जारी करना सुनिश्चित करें। इस तरह जिलाधिकारी के समक्ष 104 शिकायतें आई, जिनमें 10 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# गो सेवा ही सुशासन का आधार : निराश्रित गोवंश संरक्षण में उत्तर प्रदेश सरकार की संवेदनशील पहल

**समाज जागरण**

बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में मा. उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग महेश कुमार शुक्ल एवं सदस्य उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग दीपक गोयल द्वारा गौ संरक्षण के संबंध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। उन्होंने प्रेस वार्ता के अन्तर्गत महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और समुचित देखभाल के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास कर रही है। राज्य सरकार गोसेवा को केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्तरदायित्व के रूप में लेकर विभिन्न योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान में राज्य के विभिन्न जनपदों में 7,700 से अधिक गो-आश्रय स्थल संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आवास, नियमित चारा, स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण हेतु प्रति गोवंश प्रतिदिन 50 की दर से सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है।



गो-आश्रय स्थलों के संचालन में पारदर्शिता एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए 5,446 गोशालाओं में 7,592 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। 247 निगरानी व्यवस्था के माध्यम से गोवंश की सुरक्षा, देखभाल एवं प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है।

मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत अब तक 1,67,065 गोवंश इच्छुक एवं जिम्मेदार गोपालकों को सुपुर्द किए जा चुके हैं। योजना के तहत प्रति गोवंश 50 प्रतिदिन की सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है। इससे गोसंरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों की आय में भी वृद्धि हो रही है।

जनपद सम्भल में भी गोसंरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में जनपद में 70 गो-आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें 16,657 गोवंश का संरक्षण एवं पालन-पोषण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 2,802 गोपालकों ने सहभागिता योजना के अंतर्गत 5,070 गोवंश को अपनाकर सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम, 1955 के तहत गोवंश संरक्षण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। गोसंरक्षण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, गो-आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि निराश्रित गोवंश की सेवा एवं संरक्षण में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं सुशासन के सिद्धांतों के अनुरूप गोसंरक्षण के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत है।

# जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील सभागार सम्भल में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**समाज जागरण**

संभल ।जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।



जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील सम्भल के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए।

आज तहसील सम्भल में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा वन महोत्सव 2026, के अंतर्गत तहसील परिसर में पौधा रोपण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.तरुण पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल, क्षेत्राधिकारी संभल कुलदीप कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अरुण चौधरी जिला संयोजक बजरंग दल के नेतृत्व में चल रहा स्वास्थ्य शिविर व वृक्षारोपण

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जिला बिजनौर के तत्वाधान में सेवा सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 06/07/26 मालिनी नगर के संत रविदास मंदिर जाबतागंज में वृक्षारोपण किया गया,जिसमें 100 पौधे लगाने का लक्ष्य नगर में कम से कम रहेगा अरुण चौधरी ने बताया की बजरंग दल हर वर्ष की भांति इस वर्ष की सेवा सप्ताह जिले में चल रहा है जिसमें निशुल्क स्वास्थ्य शिविर वृक्षारोपण का कार्य 5 जुलाई से 12 जुलाई तक पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा 6 जुलाई को मालनी नगर के संत रविदास मंदिर,टीला मंदिर मालनी नगर में वृक्षारोपण का कार्य किया गया,जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष हिंदू परिषद राजीव गुप्ता जी,जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी,नगर मंत्री दिनेश खन्ना जी, नगर संयोजक ओमकार कैशले जी,नवनीत चतुवेर्दी जी,ऋषि पाल जी,दुष्यंत कुमार जी, प्रथम सिंघल, अमन शर्मा, संदीप जी व सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे, उधर अभिषेक त्यागी ने बताया की दिनांक 07/07/26 को कछियाना बस्ती में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होने जा रहा है जिसमें दातों की जांच,जनरल फिजिशियन,स्त्री रोग विशेषज्ञ,ब्लड जांच व दवाइयां निशुल्क दी जाएगी




# सर्व समाज एकता चैरिटेबल फाउंडेशन ने जरूरतमंद परिवार की बेटी के विवाह में दिया सहयोग

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर शेरकोट, सामाजिक सरोकारों के तहत कार्य कर रहे सर्व समाज एकता चैरिटेबल फाउंडेशन ने एक जरूरतमंद परिवार की बेटी के विवाह में सहयोग करते हुए 51 बर्तनों का डिनर सेट भेंट किया। फाउंडेशन की इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।



फाउंडेशन की ओर से हाफिजाबाद बिहारीपुर निवासी रोहित कुमार की बहन के विवाह के लिए 51 बर्तनों का डिनर सेट प्रदान किया गया। इस दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की हर संभव सहायता करना है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कठिन समय में संबल मिल सके। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि सर्व समाज एकता चैरिटेबल फाउंडेशन भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, विवाह सहायता और अन्य सामाजिक कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी ऐसे सेवा कार्यों में आगे आने की अपील की। इस अवसर पर फाउंडेशन के डायरेक्टर नितिन कुमार और राजीव कुमार के अलावा सहयोगी के रूप में डॉ. राहुल कुमार, डॉ. गोविंद सैनी, यशवीर चौहान, डॉ. मनीष चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने जरूरतमंद परिवार को शुभकामनाएं देते हुए नवदंपती के सुखद एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

# वन विभाग की अनदेखी गरीब मजदूर पर पड़ी भारी

**गरीब मजदूर पर जंगली हाथी ने किया हमला , मुआवजे की की जा रही मांग।**

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ। जीवों को सुरक्षित और संरक्षित रखने की आवश्यकता हैं ।प्राकृतिक मित्र एवं शिवसेना जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा ने बताया कि विडंबना ही है कि आज रक्षक ही भक्षक बने हैं। वन्य क्षेत्र कालागढ से सटे ग्राम जामनवाला, लड्डूवाला एवं रसूलपुर आबाद में लकड़ी माफिया वन विभाग की मिलीभगत से बेझिझक लगातार पेड़ काटते चले जा रहे हैं जिससे वन्यजीवों का आश्रय समाप्त होता जा रहा है ।जांच के नाम पर मात्र खानापूर्ति की जाती है ।जबकि जीवों और पर्यावरण का बहुत गहरा संबंध है ।प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं है ।वर्तमान में हर कोई व्यक्ति इस बात को जानकर भी अनजान बना हुआ और प्रकृति को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है ।जब पेड़ संकट में पड़ जाता है, यानी जब उसे काटा जाता तो उन वन्य जीवों, पक्षियों, चिड़िया, गिलहरियों और तितलियों का क्या होता है, वह सब कहां जाते हैं ? आश्रय एवं भोजन की तालाश में वन्य जीव हाथी, तेंदुआ एवं वाघ आदि आबादी की ओर आकर जनजीवन को क्षति पहुंचते हैं।



वन विभाग की घोर लापरवाही के चलते आए दिन जंगली जानवरों से हिंसक घटनायें हो रही हैं ।एक गरीब मजदूर मोहम्मद अकरम पुत्र मोहम्मद उमर निवासी ग्राम पुराना कालागढ़ को 30 जून की शाम को उनके घर के पास हाथी ने हमला कर दिया, जिसने मुहम्मद अकरम बुरी तरह से घायल हो गया काफी गंभीर चोटें आई हैं। सूचना देने पर वन विभाग के दरोगा सत्यवीर सिंह यादव काफी लेट पहुंचे और किसी प्रकार की कोई भी कार्रवाई नहीं की और वापस आ गए । जबकि घटना की जानकारी मिलते ही चौ.संजय राणा के नेतृत्व में शिव सैनिक सरदार कुलदीप सिंह, मनवीर सिंह यादव, महेन्द्र सिंह सिरोही, परशुराम जी, मेहराज खान पिंकू ,प्रेम सिंह, सोनू, आदि उनके घर पर पहुँचकर पीड़ित व उनके परिवार से घटना की जानकारी ली ।उसके बाद तुरन्त मेडिकल कराने के लिए सीएचसी अफजलगढ़ ले गए जहां पर प्रभारी चिकित्सक ने पूरी जानकारी लेते हुए कागज तैयार कराकर बिजनौर के लिए रैफर कर दिया ।चौ.संजय राणा आदि क्षेत्रीय लोगों ने वृक्षों के अवैध कटान को रोकने एवं पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# स्योहारा-मुरादाबाद रोड पर आम मंडी बनी हादसों का सबब, जाम और भारी वाहनों से बढ़ा खतरा

स्योहारा। मुरादाबाद रोड पर सड़क किनारे संचालित हो रही आम मंडी इन दिनों लोगों के लिए गंभीर परेशानी और संभावित हादसों का कारण बनती जा रही है। मंडी में खरीद-फरोख्त के दौरान सड़क के दोनों ओर बेतरतीब



खड़े वाहन, किनारे खड़ी ई-रिक्शाएं और लगातार लगने वाला जाम राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब इसी मार्ग से मिट्टी से भरे भारी डंपर तेजी से गुजरते हैं। सड़क संकरी होने और दोनों ओर अतिक्रमण जैसी स्थिति बनने से स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और पैदल राहगीरों को जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है। सुबह और दोपहर के समय स्कूलों की छुट्टी के दौरान यातायात का दबाव बढ़ने से जाम की स्थिति और भी विकराल हो जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे खड़ी ई-रिक्शाएं, आम खरीदने आने वाले वाहनों की भीड़ और भारी डंपरों का आवागमन किसी भी समय बड़े हादसे की आशंका पैदा कर रहा है। कई बार वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे लोगों को काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि आम मंडी के लिए व्यवस्थित स्थान निर्धारित किया जाए, सड़क किनारे खड़ी ई-रिक्शाओं और अन्य वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था कराई जाए तथा भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

# प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप, मुआवजे और जमीन की मांग को लेकर तहसील में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जसराना फरिहा थाना क्षेत्र के नगला नौजर गांव में करंट लगने से हुई दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। घटना के 17 दिन बाद भी प्रशासन द्वारा किए गए वादे पूरे न होने से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत विभाग और तहसील प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की।



बीते 23 जून को नगला नौजर में हैंडपंप सही करते समय लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया था। इस हादसे में अंकित (17) और अंशुल (15) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उनकी मां पिंकी गंभीर रूप से झुलस गई थीं। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर हंगामा किया था। उस समय विद्युत विभाग के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा और एसडीएम ने पांच-पांच बीघा जमीन देने का लिखित आश्वासन दिया था, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए थे। भड़के ग्रामीण जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कुमार के नेतृत्व में तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 17 दिन बीत जाने के बाद भी न तो उन्हें मुआवजा मिला और न ही जमीन उपलब्ध कराई गई। इतना ही नहीं, ग्रामीणों ने भदाना विद्युत उपकेंद्र के जेई को हटाने और बस्ती के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तारों को हटवाने की मांग भी की थी, जिस पर प्रशासन ने अब तक कोई अमल नहीं किया है। ग्रामीण प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारी तहसील पहुंचे और नाराज ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। पीड़ित परिवार ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने संवेदनाओं के नाम पर सिर्फ समय बिताया है, जबकि पीड़ित परिवार आज भी आर्थिक तंगी और प्रशासन की उपेक्षा का दंश झेल रहा है।

# युवती को शराब पिलाकर हाईवे किनारे छोड़ा, नशा उतरने पर कार्रवाई से किया इनकार

– फैक्ट्री कर्मियों की करतूत, दोस्ती की आड़ में युवती को कमरे पर ले जाकर पिलाई शराब।

- हाईवे किनारे फेंका, नशे की हालत में युवती को तहसील के पास छोड़कर फरार हुए तीनों युवक।
- पुलिस की पूछताछ, पुलिस ने पाठशाला चौकी पर की पूछताछ, युवती ने कार्रवाई करने से किया मना।
- अधिकारी का बयान, कोतवाली प्रभारी बोलेक् युवती की असहमति के कारण नहीं की गई कोई कानूनी कार्रवाई।



**समाज जागरण खेकड़ा।**
कस्बे में सोमवार को दोस्ती और भरोसे को शर्मसार करने वाला एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक फैक्ट्री में काम करने वाली श्रमिक युवती को उसके ही तीन दोस्तों ने पहले शराब पिलाई और फिर नशे की हालत में उसे हाईवे किनारे लावारिस छोड़कर भाग निकले। हालांकि, पुलिस की मुस्तैदी के बाद भी इस मामले में कोई कानूनी मोड़ नहीं आ सका।

कमरे पर ले जाकर पिलाई शराब, फिर सड़क पर छोड़ा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कस्बे की एक स्थानीय फैक्ट्री में काम करने वाली युवती की वहीं काम करने वाले तीन युवकों से दोस्ती थी। सोमवार सुबह तीनों युवक युवती को बाइक पर बैठाकर एक कमरे पर ले गए। बताया जा रहा है कि वहां युवकों ने खुद भी शराब का सेवन किया और युवती को भी अत्यधिक शराब पिला दी। इसके बाद उन्होंने उसके साथ मौज-मस्ती की। जब युवती पूरी तरह होश खो बैठी, तो तीनों युवक उसे अपनी बाइक पर बैठाकर तहसील के पास हाईवे किनारे डालकर रफूचक्कर हो गए।

पुलिस चौकी पहुंची युवती, कार्रवाई से किया साफ इनकार

राहगीरों की सूचना पर तत्काल हरकत में आई पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अचेत युवती को उठाकर पाठशाला पुलिस चौकी लेकर आई। शुरूआत में नशा ज्यादा होने के कारण युवती कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं थी। कुछ समय बाद जब उसका नशा थोड़ा कम हुआ, तो पुलिस ने उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान युवती ने उन तीनों युवकों को अपना दोस्त बताया। चौंकाने वाली बात यह रही कि युवती ने अपने उन दोस्तों के खिलाफ किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई करने से साफ इनकार कर दिया और पुलिस चौकी से चली गई।

क्या कहती है पुलिस?

इस पूरे मामले पर खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर कैंतूरा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाई थी। लेकिन, खुद पीड़ित युवती ने युवकों के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से लिखित या मौखिक रूप से मना कर दिया है। चूंकि पीड़िता खुद कोई शिकायत नहीं करना चाहती, इसलिए पुलिस द्वारा इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है कि किस तरह युवक एक महिला को नशे की हालत में सड़क पर लावारिस छोड़ गए, और फिर भी वह उनके बचाव में आ गई।

# माधव सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक का शैक्षिक प्रवास संपन्न

**समाज जागरण बागपत।**
माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर मंडोला में विद्या भारती मेरठ प्रांत के प्रदेश निरीक्षक विशोक कुमार का शैक्षिक प्रवास संपन्न हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। अपने प्रवास के दौरान विशोक कुमार जी ने प्रातःकालीन वंदना सत्र में सहभागिता की तथा विद्यालय की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी परीक्षाओं की तैयारी, अनुशासित जीवन, नियमित अध्ययन तथा उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय के संस्कार केंद्र का भी अवलोकन किया और वहाँ संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए संस्कारयुक्त शिक्षा को समय की आवश्यकता बताया।



अवकाश उपरांत सभी आचार्यों एवं आचार्या दीदियों के साथ आयोजित बैठक में उन्होंने शिक्षण की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, विद्यालयीन अनुशासन तथा विद्या भारती की कार्यपद्धति पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने प्रदेश निरीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायी एवं अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्राप्त सुझावों के अनुरूप विद्यालय शैक्षिक एवं संस्कारात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य, आचार्या दीदी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रालोद से कई कार्यकर्ताओं ने दिया त्यागपत्र

**समाज जागरण बागपत।**
प्रजापति समाज के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार प्रजापति के निवास गुराना रोड बडौत पर एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अशोक प्रजापति ने की। उन्होंने कहा कि हम डॉ योगेश जिन्दल के सानिध्य में बड़ी उम्मीद के साथ राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हुए थे, मगर अब हमें लगता है की हमारा सम्मान रालोद में सुरक्षित नहीं रहा। धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि हमारे पूर्वज कभी लोकदल में नहीं रहे वो ठीक कहते थे की हमारा सम्मान लोकदल में नहीं है। अभी हमारे भाई की हिलवाड़ी में पीट पीट कर हत्या कर दी थी, इसलिए अब हमारा लोकदल में रहने का कोई औचित्य नहीं बनता। हम सभी ने मिलकर नगर पालिका के चुनाव में लोकदल के प्रत्याक्षी अश्वनी तोमर को जिताने का काम किया था, पर



शहर की घटनाओ में लोकदल नेताओं की भूमिका को लेकर दुखी है। बैठक को मनोज कश्यप ने भी सम्बोधित किया और बड़ौत और हिलवाड़ी की घटना पर लोकदल नेताओं की नीति की निंदा की। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय नेताओं की व्यवहार की निंदा करते हुए प्रजापति समाज के जिलाध्यक्ष अशोक प्रजापति, महा मंत्री रामकुमार प्रजापति, कश्यप समाज के जिलाध्यक्ष, धर्मेंद्र कश्यप, महामंत्री - मनोज कश्यप, सचिन शर्मा, आँशु शर्मा आदि ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्ता से त्याग पत्र दिया।

# युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत है स्वामी विवेकानंद : हरिओम बली

**समाज जागरण बागपत।**
जनपद भर में स्वामी विवेकानंद जी की पुण्य तिथि मनाई गई। इस मौके पर सभी ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों व सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी हरिओम बली ने कहा कि युगप्रवर्तक स्वामी विवेकानंद जी मात्र एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक अमर विचार, एक समृद्ध जीवन शैली थे। वे राष्ट्र निर्माण में अस्पर्शयता व जातिवाद को बड़ी बाधा मानते थे। उन्होंने



युवाओं में नई चेतना जागृत कर उन्हें सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। देश में चेतना जगाने का काम किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति व अध्यात्मिक दर्शन को सम्पूर्ण विश्व में गौरव दिलाया। उनकी देशभक्ति से परिपूर्ण रचनाएं, देशवासियों को सदैव मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करती रहेंगी। हरिओम बली ने स्वामी विवेकानंद जी की पुण्य तिथि पर युवाओं को नशे का त्याग कर समाज एवं राष्ट्र हित में रचनात्मक कार्य करने का संकल्प दिलाया।

# इब्राहिमपुर माजरा गांव में हुआ कश्यप समाज का सम्मेलन

**समाज जागरण बागपत।**
दोघट रोड पर इब्राहिमपुर माजरा गाँव में कश्यप समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व राज्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौधरी नीरपाल सिंह का कश्यप समाज ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बोलते हुए चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा किसान, मजदूर गरीब का हितैषी रहा है, रालोद ने हमेशा मजलूमों की लड़ाई लड़ी है। किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह ने जाति धर्म का कभी भेदभाव नहीं किया। चौधरी साहब कहते थे कि मेरे किसान की कोई जाति नहीं है। मेरे लिए सब बराबर है।



उन्होंने कहा कि में कश्यप समाज को आस्वस्त करना चाहता हूं कि आपके समाज को राष्ट्रीय लोकदल में पूरा सम्मान मिलेगा। जाट सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चौधरी, जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार, महावीर कश्यप बिजेंद्र प्रधान और मास्टर हरेन्द्र मलिक ने कहा कि हम आप सबके सुख दुख के साथी है और हमेशा आपके साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान कुकू करोड़ी, अरुण कश्यप, डॉ संजीव कश्यप, एसबीर कश्यप, सुखबीर कश्यप, राजसिंह, जोगेंद्र कश्यप, रामदिया कश्यप, रोहित कश्यप, रामबीर कश्यप जयबीर कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान पानीपत रोड स्थित चम्मच फैक्ट्री तिराहे के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सोना निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द बताया। वहीं, जहानपुरा रोड से गांव अलीपुर निवासी नसीम को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से अवैध छुरा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है।

## सट्टे की खाईबाड़ी में एक आरोपी दबोचा

**समाज जागरण**
कैराना। पुलिस ने छापेमारी कर सट्टे की खाईबाड़ी में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। रविवार देर रात कोतवाली पुलिस नेभूरा रोड स्थित कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे अख्तर निवासी नाहिद कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 530 रुपये नकद, सट्टा पर्चियां तथा एक पेन बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

## फायरिंग के आरोप में पिता–पुत्र पर मुकदमा

**समाज जागरण**
कैराना। युवक के साथ मारपीट और हवाई फायरिंग करने के आरोप में पीड़ित के पिता ने पिता–पुत्र के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला खैलकलां में किराये के मकान में रहने वाले संजय की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। बताया गया कि 28 जून की रात करीब आठ बजे उसका पुत्र गुलजार अपने साथी शाहरुख के साथ बाइक से घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में मस्जिद के पास पहले से मौजूद ताहिर व उसके पुत्र अफरीदी ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद गुलजार के साथ मारपीट की गई। बचाव में आए शाहरूख को भी पीटा गया। इस दौरान हवाई फायरिंग भी की गई। घटना में गुलजार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उसकी नाक का ऑपरेशन कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आंगन में आराम कर रही महिला पर बंदरों के झुंड का हमला

**समाज जागरण कांधला।**
थाना क्षेत्र के गांव ब्रह्मखेड़ा में घर के आंगन में आराम कर रही एक महिला पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने किसी तरह महिला को बंदरों के चंगुल से छुड़ाया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के साथ एंटी रेबीज वैक्सीन लगाने के बाद महिला को घर भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव ब्रह्मखेड़ा निवासी संजीदा सोमवार को घरेलू कार्य निपटाने के बाद अपने घर के आंगन में आराम कर रही थीं। इसी दौरान बंदरों का एक झुंड अचानक आंगन में घुस आया और उह पर हमला कर दिया। महिला के सिर और हाथों पर कई जगह काटने से वह घायल हो गई। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बंदरों को भगाकर उन्हें बचाया।परिजन घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई और छुट्टी दे दी।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन बंदरों के हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भय का माहौल है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से बंदरों को पकड़वाने तथा क्षेत्र को बंदरों के आतंक से मुक्त कराने की मांग की है।

# भीषण गर्मी में चक्कर आने से बाइक सवार गिरा, सिर में गंभीर चोट

**समाज जागरण कांधला।**
भीषण गर्मी के बीच सोमवार को बाइक सवार एक युवक को अचानक चक्कर आ गया, जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आई। राहगीरों ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।सोमवार को मुजफ्फरनगर जनपद के गांव परासौली निवासी मुसारिक पुत्र इनाम किसी कार्य से बाइक से कांधला आ रहा था। बुढ़ाना मार्ग रेलवे फाटक के समीप पहुंचते ही तेज गर्मी के कारण उसे अचानक चक्कर आ गया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। और हादसे की जानकारी घायल के परिजनों को दी.चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को अपने साथ जिला अस्पताल ले गए।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर वृक्षारोपण एवं माल्यार्पण कर किया श्रद्धापूर्वक नमन

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद एवं अखंड भारत के प्रबल समर्थक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर लेबर कॉलोनी स्थित पूज्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा श्रद्धांजलि एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्रसेवा, त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके उपरांत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पार्क परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर महानगर जिलाध्यक्ष *डॉ. सतीश दिवाकर* ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा और उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। महापौर *श्रीमती कामिनी राठौर* ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, शिक्षा, सेवा एवं जनकल्याण के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करना



ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में डॉ. लक्ष्मी नारायण यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष कन्हैया लाल गुप्ता, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार, राजेंद्र गुप्ता , अरविंद पचौरी सुनील शर्मा , महानगर मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता, महानगर कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता कालू, महामंत्री आनंद अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष केशव फौजी, रामनरेश कटरा, योगेंद्र यादव बाबा, श्रीनिवास शर्मा, विनोद पचौरी कैलाश ओझा,सौरभ गुप्ता,मंडल अध्यक्ष देश दीपक राजा, लायक सिंह,भारत सिंह वर्मा, मनीष राठौर, अनुपम शर्मा, सरिका गुप्ता, अशोक राठौर योगेश बघेल, सूरज बाजपेई, केशव देव, सहित महानगर के पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रहित एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव कार्य करने का संकल्प लिया।

## आज यूपी सीएम योगी आएंगे काशी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**
वाराणसी।। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिवसीय दौरे पर सात जुलाई को काशी आएंगे। मंगलवार की शाम 6:05 बजे श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचेंगे। इसके बाद रोहनिया स्थित होटल लेमन ट्री में डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु के बेटे की शादी में शामिल होंगे। विवाह समारोह के बाद मुख्यमंत्री



रात 7:10 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। यहां रात्रि विश्राम करेंगे। आठ जुलाई (बुधवार) को सुबह 9:50 बजे मुख्यमंत्री सर्किट हाउस से चांदमारी स्थित अंतरराष्ट्रीय हस्तकला संकुल के लिए रवाना होंगे। सुबह 10 बजे से 11 बजे तक वह बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को इलाज के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से प्रदेश के लगभग 1.10 करोड़ छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के बैंक खातों में सीधे धनराशि ट्रांसफर करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री पुलिस लाइन हेलिपैड से राजकीय हेलिकॉप्टर से मिजार्पुर के विंध्याचल पहुंचेंगे। वहां मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। दोपहर 12:05 बजे से 1 बजे तक अष्टभुजा अतिथि गृह में विंध्याचल मंडल के लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों की समीक्षा करेंगे। साथ ही नए विकास कार्यों की कार्ययोजना पर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1:40 बजे मुख्यमंत्री राजकीय हेलीकॉप्टर से चित्रकूट के लिए रवाना हो जाएंगे।

# डायलिसिस के दौरान बिगड़ी 20 वर्षीय युवती की तबीयत, ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय मौत; एंबुलेंस का सहयोग न करने का लगाया आरोप।

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल में सोमवार को डायलिसिस के दौरान 20 वर्षीय युवती कीर्ति पुत्री स्व. मान सिंह, निवासी मदनपुर, थाना सिरसागंज, की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार कीर्ति पिछले करीब डेढ़ वर्ष से डायलिसिस पर थी। उपचार के दौरान अचानक उसका ब्लड प्रेशर काफी बढ़ गया और उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल ट्रॉमा सेंटर ले जाने का निर्णय लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डायलिसिस यूनिट से ट्रॉमा सेंटर तक ले जाने के लिए



अस्पताल परिसर में खड़ी 108 एंबुलेंस से मदद मांगी गई, लेकिन आरोप है कि एंबुलेंस कर्मियों ने मरीज को ले जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद अस्पताल स्टाफ और अन्य लोगों ने कीर्ति को स्ट्रेचर पर लेकर तेज धूप में ट्रॉमा सेंटर की ओर दौड़ लगाई, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई

गौर तलब है के मरीजों के सीटी स्कैन एवं एक्स-रे कराने के लिए सरकारी एंबूलेंस उपलब्ध रहती है परंतु कीर्ति के लिए क्यों नहीं बुलाई गई यदि उसकी हालत बिगड़ गई संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टरों को वही क्यों नहीं बुलाया गया आखिर चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की मानवता कहां खो गई यदि समय से विशेषज्ञ चिकित्सक को बुला लिया गया होता तो शायद कीर्ति की जान बच सकती थी भले ही जिला अस्पताल के अधिकारी अच्छा इलाज मुहैया कराने के नाम पर अपनी पीठ भले ही थपथपाते रहते हैं परंतु चित्र कुछ और ही कह रहे हैं इस पर क्या अस्पताल प्रशासन कार्यवाही करेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है।

## 16 वर्षीय किशोरी के लापता होने के मामले में फरिहा बाजार बंद, व्यापारियों का विरोध।

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। फरिहा कस्बे में 16 वर्षीय हिन्दू किशोरी के 29 जून से लापता होने के मामले को लेकर सोमवार को व्यापारियों ने बाजार बंद रखा। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी को जिहादी युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिवार का कहना है कि घटना के कई दिन बाद भी किशोरी



का पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सका है। जिससे उनमें भारी नाराजगी है। परिजनों के अनुसार लगातार थाने के चक्कर लगा रहे हैं और जल्द से जल्द किशोरी की सकुशल बरामदगी की मांग कर रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपित तथा किशोरी की तलाश के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर कस्बे के व्यापारियों ने सोमवार को बाजार बंद रखा। मौके पर क्षेत्राधिकारी जसराना लोगों से बातचीत कर उन्हें शांत करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। 1:00 बजे से लेकर 5:00 बजे तक थाने के बाद धरना प्रदर्शन चला एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी भी मौके पर पहुंचे उन्होंनेः 2 दिन का आश्वासन दिया उसके बाद धरना प्रदर्शन खत्म हो गया

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय के 5 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष में सहकारिता से जुड़े 30 करोड़ लोगों को नई ऊर्जा मिली 5 वर्षों में मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र की समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान और विकास का व्यापक रोडमैप तैयार किया है, और सहकारी व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी, तकनीक-सक्षम व प्रतिस्पर्धी बनाया है जब देश 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा, तब 'समृद्ध भारत' की मजबूत नींव सहकारिता आंदो लन होगा कृषि, डेयरी, बैंकिंग, लॉजिस्टिक्स और मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नई सहकारी संस्थाओं का नेटवर्क बना, 32 करोड़ से अधिक सदस्यों का डिजिटल डेटाबेस तैयार हुआ 9 राष्ट्रीय स्तर की सहकारी समितियाँ

बनाकर ग्राम स्तर तक सहकारिता को इन 9 क्षेत्रों में एक माला में पिरोया है

# कॉलेज में छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत सोमवार को थाना आदर्श मंडी पुलिस ने जय जवान जय किसान इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस टीम ने विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है तथा कई प्रकार के अपराधों को भी बढ़ावा देती




है।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद, कौशल विकास और अन्य सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सफलता का मार्ग नशे से नहीं, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और दृढ़ संकल्प से होकर गुजरता है।पुलिस ने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि यदि कहीं मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त, तस्करी या सेवन की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या डायल-112 पर दें, ताकि संबंधित लोगों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जा सके।इस दौरान विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा

समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प भी दिलाया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़

**--तीनों तहसीलों में 103 शिकायतें पहुंचीं, 19 का मौके पर हुआ निस्तारण**

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

प्रदेश सरकार के निदेशानुसार जनपद की तीनों तहसीलों शामली, कैराना और ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तीनों तहसीलों में कुल



103 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 19 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।तहसील शामली में जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने भूमि संबंधी मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम से नियमानुसार कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण पर जोर दिया। साथ ही 12 जुलाई को प्रस्तावित वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।तहसील कैराना में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सोहनलाल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 27 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अलावा तहसील ऊन में मुख्य विकास अधिकारी बृजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 24 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से दो का मौके पर समाधान

किया गया।तीनों तहसीलों में शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रेषित किया गया। समाधान दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलौन में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।पुलिस के अनुसार, विगत 5 जून को गांव लिलौन निवासी रविंद्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश वर्मा के साथ गांव के ही गौतम पुत्र आजाद और विनित उर्फ सोनी पुत्र राजकुमार ने गाली-गलौज करते हुए जानलेवा



हमला किया था तथा जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली शामली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।सोमवार को पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में वांछित आरोपी विनित उर्फ सोनी निवासी गांव लिलौन को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

# नवजात बेटियों का मनाया जन्मोत्सव, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का दिया संदेश

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊन में 10 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवजात बेटियों से केक कटवाकर उनका स्वागत किया गया तथा उन्हें बेबी किट, फल, कंबल और अन्य उपहार भेंट किए गए। साथ ही बेटियों के नाम पर पौधरोपण कर उनके उज्ज्वल भविष्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिलाधिकारी आलोक यादव के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तरुण चौधरी ने की। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रामपाल ने कहा कि



बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और समाज को उनके जन्म को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने सभी परिवारों को नवजात बेटियों के जन्म पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के जन्म को सम्मान देना, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना तथा समाज में बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान माताओं को पोषण, प्रसवोत्तर देखभाल और बालिकाओं के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई।नवजात बालिकाओं के नाम पर नीम, पीपल, अशोक और फलदार पौधे लगाए गए। उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस दौरान दर्जनो लोग मौजूद रहे।

# स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक और मोबाइल बरामद

**समाज जागरण झिंझाना।(फुरकान जंग)**

जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा झ्र नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत झिंझाना पुलिस ने एक मादक



पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 ग्राम अवैध स्मैक, एक मोबाइल फोन तथा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।पुलिस के अनुसार, सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक एन .पी. सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में सोमवार को झिंझाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करनाल जनपद के थाना मधुबन क्षेत्र के गांव रामपुरा कटाबाग रावर निवासी अमरनाथ पुत्र राजवीर सिंह को गिरफ्तार किया।तलाशी के दौरान उसके पास से 20 ग्राम अवैध स्मैक,ओप्पो कंपनी का एक मोबाइल फोन तथा तस्करी में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर थाना झिंझाना में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# अज्ञात शव का पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार

**समाज जागरण**

कैराना। गांव सहपत के जंगल में मिले अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने अंतिम संस्कार करा दिया। तीन दिन पूर्व गांव सहपत के निकट धान के खेत में एक युवक का शव पड़ा मिला था, जो क्षत–विक्षत अवस्था में था। उसका चेहरा कीड़ों ने खाया हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने शिनाख्त नहीं होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा सुरक्षित रखा गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं होने पर उसका अंतिम संस्कार करा दिया है।

# जगनपुर में धरनास्थल पर पहुंचे पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, अफसरों से समस्या के समाधान को कहा

**समाज जागरण**
**कैराना। (फुरकान जंग)**

कैराना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा सांसद रहे प्रदीप चौधरी गांव जगनपुर में हाईटेंशन लाइन के विरोध में चल रहे धरना-प्रदर्शन के बीच पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। उन्होंने जिलाधिकारी व अधीक्षण अभियंता से फोन पर वार्ता करके ग्रामीणों की समस्या का समाधान कराए जाने को कहा।विद्युत विभाग के द्वारा गांव जगनपुर से मन्नामाजरा ईदगाह के पास बन रही कॉलोनी के लिए नई एचटी लाइन का निर्माण किया जा रहा है, जिसका कण्डेला, हिंगोखेड़ी, जगनपुर व शेखूपुरा के ग्रामीण प्रबलता से विरोध कर रहे है। ग्रामीण पिछले पांच दिनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे है। विगत रविवार को एक्सईएन चतुर्थ जय प्रकाश ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर वार्ता का प्रयास किया था, जिस पर ग्रामीणों ने दो टूक कहा था कि विद्युत लाइन हटने तक वह अपना धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे। धरनास्थल पर भाजपा नेता अनिल चौहान व एक्सईएन के मध्य थोड़ी तीखी बहस भी हुई थी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। धरनारत ग्रामीणों का कहना है कि



यह एचटी लाइन आबादी एवं प्राथमिक विद्यालय के निकट से होकर गुजर रही है। इसे जगनपुर टाउन की विद्युत लाइन से जोड़कर आगे भेजा जा रहा है, जिससे लाइन लंबी हो जाएगी और फॉल्ट की संभावनाओं में वृद्धि होगी। ग्रामीणों का यह भी तर्क है कि उक्त लाइन के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन भी खराब मौसम में परेशानी पैदा करेगी। इस विद्युत लाइन के नीचे से प्रतिदिन स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग गुजरते हैं। पहले ही इस विद्युत लाइन में स्पार्किंग की घटनाएं होती रही हैं, जिससे बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में जिलाधिकारी समेत

अन्य अधिकारियों को ज्ञापन-पत्र देकर विद्युत लाइन को हटाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन की उदासीनता से क्षुब्ध होकर वह धरना-प्रदर्शन को विवश हुए है। वहीं, सोमवार को कैराना से निवर्तमान भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्या को गम्भीरता से सुना। उन्होंने डीएम आलोक यादव व अधीक्षण अभियंता बीरेंद्र सिंह से फोन पर वार्ता करके ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया। साथ ही, ग्रामीणों के विरोध के दृष्टिगत विद्युत लाइन को किसी अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित कराने को कहा। पूर्व सांसद ने ग्रामीणों को उनकी समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

# कैराना नायब तहसीलदार बनाए गए आकाश चौधरी, संभाला कार्यभार

**समाज जागरण कैराना।(फुरकान जंग)**

प्रांतीय सिविल सेवा के तहत चयनित होकर आए आकाश चौधरी को कैराना नायब तहसीलदार बनाया गया है। जिलाधिकारी आलोक यादव ने उन्हें यह उत्तरदायित्व सौंपा है। जिलाधिकारी शामली आलोक यादव के द्वारा जनपद की तीनों तहसीलों में नए नायब तहसीलदारों की तैनाती की गई है। इसी क्रम



में प्रांतीय सिविल सेवा(पीसीएस) के तहत चयनित होकर आए आकाश चौधरी को कैराना तहसील का नायब तहसी लदार बनाया गया है। वह वर्ष-2024 बैच के अधिकारी है। आकाश चौधरी मूलरूप से जनपद गाजियाबाद के गांव सिकंदरपुर के निवासी है। वह कैराना में पहले से तैनात नायब तहसीलदार सतीश यादव के साथ में मिलकर अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे। जिलाधिकारी कार्यालय से आकाश चौधरी के अलावा, ऋतु सिंह व अमन कुमार राणा को शामली तथा त्रिपुरेश मणि त्रिपाठी व राहुल कुमार सैनी को ऊन तहसील में नायब तहसीलदार बनाया गया है।

# उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष, व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**समाज जागरण**
**झिंझाना।(फुरकान जंग)**

संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग सोमवार को झिंझाना पहुंचे। उनके आगमन पर नगर अध्यक्ष विनोद सिंघल के आवास पर व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसका संचालन युवा नगर अध्यक्ष गुलबीर चौधरी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि संगठन प्रदेशभर के व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को एकत्र कर सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी तीन महीनों में प्रदेश के सभी जनपदों का दौरा पूरा करने के बाद 1 सितंबर को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर व्यापारियों की प्रमुख मांगों और समस्याओं को रखा जाएगा। बैठक



में व्यापारियों ने दुर्घटना बीमा की राशि 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने, व्यापारियों के लिए पेंशन योजना लागू करने, एक प्रतिष्ठान पर एक ही बिजली कनेक्शन की व्यवस्था, बिजली दरों में राहत, प्राकृतिक आपदा की स्थिति में बीमा सुविधा उपलब्ध कराने तथा व्यापारियों के पहचान पत्र जारी करने की मांग उठाई। प्रदेश अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि संगठन हमेशा व्यापारियों के हितों की आवाज बुलंद करता रहा है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से पैरवी करेगा।

इस अवसर पर जिला मंत्री आदेश जैन, अजय बंसल, अनिल गर्ग, डॉ. रोहित तोमर, अमित मित्तल, डॉ. रवि धीमान, अर्जुन पंडित, प्रवीण सैनी, नवीन बिंदल, अक्षत देशवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# नवनिर्मित अंडरपास बना मुसीबत, बारिश के बाद जलभराव से आवागमन ठप

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बा एलम में रेलवे विभाग द्वारा लगभग छह माह पूर्व निर्मित अंडर पास पहली ही बरसात में लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया। विगत रविवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद अंडरपास में पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित हो गया और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।यह अंडरपास शास्त्रीनगर, गांधीनगर, हरिनगर सहित आसपास के मोहल्लों के लोगों के लिए मुख्य आवागमन मार्ग है। जलभराव के कारण ग्रामीणों और किसानों को अपने खेतों तथा अन्य स्थानों पर जाने के लिए लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की



अतिरिक्त लागत उठानी पड़ रही है।स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर अंडरपास में स्थायी जल निकासी व्यवस्था कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो बरसात के मौसम में लोगों की परेशानी और बढ़ सकती है। कस्बावासियों ने संबंधित विभाग से भी शीघ्र कार्रवाई कर अंडरपास को जलभराव से मुक्त कराने की मांग की है।

# बरसात से एचटी लाइन के सात पोल गिरे, घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बा एलम में रविवार को हुई मूसलाधार बारिश के चलते एचटी विद्युत लाइन के सात पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कई घंटों तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली गुल होने से कस्बे के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के अवर अभियंता (जेई) इरफान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू कराया। कर्मचारियों ने देर रात तक मशक्कत कर विद्युत आपूर्ति को दोबारा सुचारू कर दिया।जेई इरफान ने बताया कि लगातार हुई तेज बारिश के कारण पोलों के आसपास की मिट्टी का कटाव हो गया था। इसके चलते पांच पोल पूरी तरह गिर गए, जबकि दो पोल तिरछे हो गए। मरम्मत कार्य पूरा कर देर रात ही क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

# मिशन शक्ति अभियान, पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

उत्तर प्रदेश सरकार के महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति के तहत सोमवार को थाने की मिशन शक्ति टीम ने नगर में जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर उन्हें हर परिस्थिति में सतर्क रहने का संदेश दिया गया।अभियान के दौरान हेड कांस्टेबल मिथिलेश एवं श्वेता ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रदेशभर में महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक थाने में मिशन शक्ति टीम का गठन किया गया है, जो समय-समय पर जनजागरूकता



अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करती है।टीम ने महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, साइबर ठगी या अन्य आपात स्थिति में इन नंबरों पर तत्काल संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।इसके

अलावा महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी जागरूक किया गया।

# 27 शिकायतों में से 12 का मौके पर निस्तारण

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग)तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी 27 शिकायतें आईं। मौके पर 12 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। सोमवार को तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सोहनलाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान भूमि विवाद, राशन कार्ड, आवास तथा अन्य जनसमस्याओं से जुड़े कुल 27 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मौके पर 12 शिकायतों का निस्तारण कर दिया



गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पड़ोसी महिलाओं पर मारपीट का आरोप, महिला घायल, जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी एक महिला ने पड़ोस की महिलाओं पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पड़ोस की कई महिलाओं पर लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी सुखबीरी पत्नी अशोक ने बताया कि उसके बच्चे गली के बाहर खेल रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस की एक महिला ने बच्चों के साथ मारपीट कर दी। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी महिला ने अपने साथ अन्य महिलाओं को बुला लिया और सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई।शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़िता ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत, तहसील दिवस में उठाया मामला

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बा एलम निवासी एक युवक ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से भूमि को कब्जामुक्त कराकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।कस्बा एलम निवासी पूर्व सभासद सोनू पवार ने तहसील दिवस में दिए शिकायती पत्र में बताया कि कस्बे की खसरा संख्या 21 में पशुचर भूमि तथा खसरा संख्या 275 में बंजर भूमि दर्ज है। आरोप है कि कुछ लोगों ने इन सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी आलोक यादव को संबोधित प्रार्थना पत्र में मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# जुआरी गिरफ्तार, 530 रुपये की नकदी बरामद

**समाज जागरण कैराना।**

पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलते हुए एक जुआरी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 530 रुपये की नकदी, सट्टा पर्चा व पैन बरामद हुए है। पुलिस ने पकड़े गए जुआरी का चालान कर दिया है।एसपी शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के निदेर्शानुसार गैर-कानूनी कृत्यों में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कैराना पुलिस ने रविवार रात्रि सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 530 रुपए की नकदी, सट्टा पर्चा व पैन बरामद हुए है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता अख्तर निवासी मोहल्ला नाहिद कॉलोनी कस्बा कैराना बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध 13जी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके चालानी कार्यवाही कर दी है।

# बहल में 47 वां रक्तदान शिविर सम्पन्न, 42 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

### स्वर्गीय प्रदीप शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित शिविर में युवाओं और महिलाओं ने दिखाई सहभागिता

रक्तदाताओं को तुलसी का पौधा भेंट कर किया सम्मानित



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। बहल युवा एकता संगठन के तत्वावधान में 47वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन स्वर्गीय प्रदीप शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पिता धर्मचंद डांडमा वाले द्वारा कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में कुल 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान हरीश सोनी ने 51वीं बार, विनोद पातवान ने 26वीं बार तथा पवन (हरियाणा पुलिस) ने 15वीं बार रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी सेवा भावना का परिचय दिया। महिलाओं ने भी रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुकेश कुमारी और सरिता देवी ने पहली बार रक्तदान कर दूसरों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुनील मोहनिया, सुशील केड़िया, डॉ. एन.पी. गोड, धर्मचंद डांडमा वाले, उनके पुत्र राजेश, पुत्री ममता रानी, बहल युवा एकता संगठन के अध्यक्ष योगेश उर्फ जोगी शर्मा, मुरारी जांगड़ा, पवन पंघाल, रमेश वालिया,

रोहित शर्मा, शिवकुमार, दीपक चौधरी सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# देश में मिल रहा प्राकृतिक एवं पारंपरिक खेती से कृषि विकास को बढ़ावा : सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह

किसान हितैषी योजनाओं से मजबूत हो रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था

प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 06 जुलाई ।भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की किसान हितैषी नीतियों और योजनाओं एवं प्राकृतिक खेती के कारण देश में कृषि विकास को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है। कृषि क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था (रूरल इकॉनमी) मजबूत हो रही है और किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान), फसल बीमा योजना (क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम), मृदा स्वास्थ्य कार्ड (सॉइल हेल्थ कार्ड) और कृषि अवसंरचना कोष (एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड) जैसी योजनाओं से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं ने कृषि को लाभकारी और सुरक्षित बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक (मॉडर्न टेक्नोलॉजी), ड्रिप इरिगेशन (बूंद-बूंद सिंचाई), स्मार्ट फार्मिंग (स्मार्ट खेती) और ऑर्गेनिक फार्मिंग (जैविक खेती) को बढ़ावा दे रही है। इससे उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी हो रहा है। सांसद ने बताया कि हरियाणा में भी किसान क्रेडिट कार्ड (केसी), ई-नाम (ई-नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट) और एग्री स्टार्टअप (कृषि नवउद्यम) जैसी पहलों से कृषि क्षेत्र में नए अवसर पैदा हुए हैं। सरकार का लक्ष्य 2022 में शुरू किए गए "डबल इनकम" के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए किसानों की आय को दोगुना करना है। चौधरी धर्मबीर सिंह ने अपील की कि युवा किसान भी पारंपरिक एवं ऑर्गेनिक खेती के साथ-साथ एग्रीटेक (कृषि तकनीक), एग्री प्रोसेसिंग (कृषि प्रसंस्करण) और वैल्यू एडिशन (मूल्य संवर्धन) जैसे क्षेत्रों में आगे आएं। इससे न केवल कृषि को उद्योग का दर्जा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश भारत के विकास की नींव किसान हैं और सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है ।किसानों का विकसित भारत 2047 की संकल्पना में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

उन्होंने किसानों से जहर मुक्त ऑर्गेनिक खेती अपनाने का आह्वान किया। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने आज अपने निज निवास स्थान पर लोकसभा क्षेत्र से आए ग्रामीणों की समस्याएं जनसंवाद के तहत सुनीं और संबंधित अधि कारियों को उनके प्राथमिकता से समाधान के निर्देश दिए।

# अखिल भारतीय किसान सभा की जिला बैठक संपन्न

### २४ जुलाई को सांसद आवास पर प्रदर्शन, लंबित बीमा क्लेम व पेयजल संकट समेत कई मुद्दों पर आंदोलन का ऐलान

सुंदर ब्रांच नहर में एक सप्ताह पानी की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन का समर्थन



**दैनिक समाज जागरण, ( जिला संवाददाता भिवानी )**

भिवानी। अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी जिला कमेटी की बैठक सोमवार को गांव जमालपुर में जिला प्रधान रामफल देशवाल
की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सुंदर ब्रांच नहर में एक सप्ताह पानी छोड़ने की मांग को लेकर पिछले 10 दिनों से चल रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए इसे और तेज करने का निर्णय लिया गया। साथ ही किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। जिला सचिव जागरोशन ने बताया कि बैठक में जिले की सभी तहसीलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। किसान सभा ने जमालपुर में जारी धरने को अपना समर्थन देते हुए किसानों की मांगों के समाधान तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। बैठक में लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने, भिवानी-दादरी के किसानों का 350 करोड़ रुपये का लंबित फसल बीमा क्लेम शीघ्र जारी करने, गांवों में पेयजल एवं सिंचाई के लिए पर्याप्त नहरी पानी उपलब्ध कराने, तहसीलों में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने तथा ड्रेनों की सफाई जैसी समस्याओं को लेकर तहसील स्तर पर आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्र सरकार और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील (मुक्त व्यापार समझौता) का भी विरोध किया गया। किसान नेताओं ने कहा कि यह समझौता भारतीय किसानों के हितों के खिलाफ है और इससे खेती, पशुपालन तथा डेयरी क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उनका आरोप था कि अमेरिकी कृषि उत्पादों के सस्ते आयात से भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा। किसान सभा ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 24 जुलाई को भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह के कार्यालय /आवास पर धरना-प्रदर्शन करने तथा 29 जुलाई को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कन्वेंशन में भाग लेने का निर्णय लिया। बैठक में राज्य महासचिव सुमित दलाल, कॉमरेड ओमप्रकाश, राजेश, रामवतार, कर्ण सिंह, रणधीर सांगवान, डॉ. बलबीर ठाकन, मंदरूप, संतोष देशवाल, चंद्रो, कमला, सावित्री,

रामरति, रूपा, सरवन, निर्मल, धनपति, तारापति, सुनीता, स्नेह खेड़ी, शीला बलियाली, जयवीर यादव, बहादुर सिंह अलखपुरा, बलजीत गहलावत बड़सी, सरदारा यादव, प्रहलाद यादव, जगदीश (पूर्व सरपंच, रतेरा), रामकुमार यादव, रामफल अलखपुरा सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# घरेलू सामान की ढुलाई के नाम पर ठगी का खुलासा

### शिकायतकर्ता का पूरा सामान और 9,500 बरामद, आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजा गया

सीआईए स्टाफ-2 भिवानी ने आरोपी को किया गिरफ्तार




**दैनिक समाज जागरण, ( जिला संवाददाता भिवानी )**

भिवानी। सीआईए स्टाफ-2 भिवानी ने घरेलू सामान की ढुलाई के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शिकायतकर्ता का पूरा घरेलू सामान तथा ₹9,500 की राशि बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में धोखाधड़ी के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत सीआईए स्टाफ-2 ने आरोपी केशव पुत्र सुनील निवासी वार्ड नंबर-5, बवानी खेड़ा को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता कुमार शुभम निवासी ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) ने अपने घरेलू सामान को ग्रेटर नोएडा से गोपालगंज (बिहार) भेजने के लिए डीलक्स कार्गो लॉजिस्टिक्स से ₹9,500 में अनुबंध किया था। कंपनी ने तय राशि लेकर सामान अपने कब्जे में ले लिया, लेकिन बाद में अवैध रूप से ₹24,538 की अतिरिक्त राशि की मांग करने लगी। अतिरिक्त पैसे नहीं देने पर सामान की डिलीवरी से इनकार कर दिया गया और सामान रोक लिया गया,

जिससे शिकायतकर्ता को आर्थिक नुकसान और मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। शिकायत की जांच के बाद 4 जुलाई 2026 को थाना बवानीखेड़ा में धारा 316(2) एवं 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान उप निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में सीआईए स्टाफ-2 की टीम ने आरोपी केशव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से शिकायत कर्ता का पूरा घरेलू सामान और ₹9,500 बरामद कर लिए। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए।

# हरियाणा पुलिस ने खोया समर्पित कर्मी

### लंबी बीमारी के बाद ईएएसआई राजेश कुमार का निधन, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

डीजीपी नवदीप सिंह विर्क बोले– परिवार के साथ-साथ पुलिस बल की भी अपूरणीय क्षति



**दैनिक समाज जागरण, ( जिला संवाददाता भिवानी )**

भिवानी। हरियाणा पुलिस के ईएएस आई राजेश कुमार (नं. 337/दादरी) का लंबी बीमारी के चलते सोमवार को निधन हो गया। वह मूल रूप से भिवानी जिले के गांव हालूवास के निवासी थे और वर्तमान में हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थे। उनके निधन से पुलिस विभाग और क्षेत्र में शोक की लहर है।

राजेश कुमार का अंतिम संस्कार सोमवार देर शाम उनके पैतृक गांव हालूवास में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान भिवानी पुलिस की टुकड़ी ने निरीक्षक (कल्याण) सुनील कुमार के नेतृत्व में उन्हें शोक सलामी दी।

अंतिम संस्कार में डीएसपी वीरेंद्र सिंह, हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो एवं चरखी दादरी से एएसआई नरेंद्र, एचसी संदीप सिंह, एचसी राकेश, एचसी विनोद कुमार सहित पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी, परिजन और ग्रामीण मौजूद रहे। हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक नवदीप सिंह विर्क ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राजेश कुमार का निधन उनके परिवार के साथ-साथ पूरे पुलिस बल के लिए भी बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि राजेश कुमार एक बहादुर, कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार पुलिसकर्मी थे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस विभाग की कल्याण शाखा परिवार को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराएगी। राजेश कुमार का जन्म 4 मार्च 1973 को भिवानी जिले के हालूवास गांव में हुआ था। दसवीं की शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने 4 अक्टूबर 1998 को हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती होकर अपने सेवाकाल की शुरूआत की थी।

अपने लगभग तीन दशक के सेवाकाल में उन्होंने विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पुलिस विभाग में अपनी अलग पहचान बनाई।

# होटल में मारपीट व गाड़ी में आगजनी मामले में बड़ी कार्रवाई

### होटल कर्मचारियों से मारपीट में था शामिल, तीन आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

सीआईए स्टाफ-2 भिवानी ने चौथे आरोपी को किया गिरफ्तार




**दैनिक समाज जागरण, ( जिला संवाददाता भिवानी )**

भिवानी। सीआईए स्टाफ-2 भिवानी ने होटल कर्मचारियों के साथ मारपीट कर होटल के बाहर खड़ी गाड़ी में आग लगाने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के निर्देशानुसार संगीन अपराधों में शामिल आरोपियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत उप निरीक्षक बलजीत के नेतृत्व में सीआईए स्टाफ-2 की टीम ने कार्रवाई करते हुए अजय उर्फ मोटा पुत्र संजय निवासी बामला, जिला भिवानी को भिवानी से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार प्रदीप निवासी बामला की शिकायत पर थाना सदर भिवानी में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 14 अक्टूबर 2025 की रात होटल से फोन आया कि कुछ युवक होटल पर पहुंचे और वहां कर्मचारियों के साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने होटल के बाहर खड़ी एक गाड़ी में आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। पुलिस जांच के दौरान आरोपी अजय उर्फ मोटा ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह वारदात के दिन अन्य आरोपियों के साथ होटल कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना में शामिल था।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# देश में दो झंडे और दो संविधान नहीं चलेंगे, इसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने संघर्ष किया: सांसद धर्मवीर सिंह

### कार्यक्रम में युवाओं से उनके विचारों को अपनाने का आह्वान, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का दिया संदेश

माय युवा भारत केंद्र भिवानी में मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मोत्सव



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 6 जुलाई। मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) की ओर से यूथ हॉस्टल भिवानी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 126वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर विक्रम सिंह ने की। इस अवसर पर प्रो. चंद्रभान, शिक्षाविद नवीन कुमार, पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा के मीडिया सलाहकार रितिक वधवा, राज्य पुरस्कार विजेता समाजसेवी दीपा तंवर, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण गोलागढ़ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। उनका स्पष्ट संदेश था कि "देश में दो झंडे और दो संविधान नहीं चलेंगे।" उन्होंने कहा कि मुखर्जी ने यह भी कहा था कि बंगाल को विभाजित नहीं होने देंगे और राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। सांसद ने कहा कि देश आजाद होने के बाद भी कुछ क्षेत्रों की जमीन से जुड़े कई विवाद बने रहे। अंग्रेज जाते-जाते भी सत्ता हस्तांतरण के दौरान ऐसी कूटनीति अपनाकर गए, जिसके प्रभाव आज भी देखने को मिलते हैं। उन्होंने हरियाणा के अलखपुरा, मिलकपुर और सिकंदर पुर गांवों की जमीन से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन समस्याओं के समाधान के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि देश दोबारा कभी कमजोर न हो, इसलिए ऐसे प्रेरणादायी आयोजन आवश्यक हैं। ठाकुर विक्रम सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का त्याग और बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। युवाओं को उनके राष्ट्रवादी विचारों और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला युवा अधिकारी मनसा ने मेरा युवा भारत की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कहा कि माय युवा भारत केंद्र भिवानी द्वारा युवाओं को समाज और राष्ट्र कड़ी से जोड़ा जाए, उस के लिए इस प्रकार के यूथ प्रेरित कार्यक्रम जरूरी हैं।

इस अवसर पर लेखाकार एवं कार्यक्रम सहायक जितेंद्र सैनी, अशोक कुमार भारद्वाज, प्रवीण गोलागढ़, सचिन, स्वराज, नरेश, साक्षी, सन्नी, प्रमोद सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में सांसद धर्मबीर सिंह ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

: सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने खेलों को बताया व्यक्तित्व विकास का आधार

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। स्थानीय बाल भवन स्विमिंग पूल में आयोजित जिला स्तरीय जूनियर एवं सब-जूनियर
तैराकी प्रतियोगिता में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली तैराकों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, आत्म विश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के युवा खिलाड़ी भविष्य में प्रदेश और देश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने



के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सांसद ने कहा कि सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास और मेहनत के बल पर अपने लक्ष्य को हासिल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में हरियाणा तैराकी संघ के सचिव एवं हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री, जिला बाल कल्याण अधिकारी गौरव रोहिला, सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी दर्शन मिड्ढा एवं जय सिंह कालीरामण, तैराकी संघ भिवानी के सचिव चेतन प्रकाश, समाजसेवी नरेश ढिगावा, पूर्व जिला खेल अधिकारी दर्शन लाल मिड्ढा,राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, खेल प्रेमी और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सांसद ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करते हैं और जिले में खेल संस्कृति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ऊर्जा सांख्यिकी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट जारी संबंधी प्रेस विज्ञप्ति

ऊर्जा मंत्रालयों के परामर्श से ऊर्जा सांख्यिकी डेटाबेस के सामंजस्य में एमओएसपीआई अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ऊर्जा सांख्यिकी पर विशेषज्ञ समिति की प्रमुख सिफारिशें जैव ईंधन के योगदान, मांग और आपूर्ति पक्ष के आंकड़ों में मौजूद कमियों को भरने, विशेष रूप से कैप्टिव बिजली और इलेक्ट्रिक वाहनों द्वारा बिजली की खपत से संबंधित कार्यप्रणालियों से जुड़ी हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से ऊर्जा सांख्यिकी पर विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट जारी कर रहा है । आर्थिक विकास को गति देने और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने में ऊर्जा की अहम भूमिका होती है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) का वार्षिक प्रकाशन "एनर्जी स्टैटिस्टिक्स इंडिया" अंतरराष्ट्रीय मानकों और दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न तालिकाओं, ग्राफों और सतत ऊर्जा संकेतकों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा प्रवाह को दर्शाता है। भारत नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों और नेट जीरो आकांक्षाओं की ओर अग्रसर है

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। रोहनिया थाना क्षेत्र के मोहन सराय पुलिस चौकी अन्तर्गत कनेरी गांव के गेट के सामने सोमवार को सुबह राजातालाब की तरफ से वाराणसी की ओर जाते समय हाईवे पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक मुस्लिम महिला की दर्दनाक मौत हो गयी तथा बाइक सवार चालक बाल बाल बच गया। जिसके दौरान घटनास्थल से ट्रक लेकर ड्राइवर फरार हो गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे रोहनिया पुलिस ने मृतक की शव को अपने कब्जे में लिया।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। चितईपुर थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

मृतक की पहचान विश्वजीत बनर्जी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह चितईपुर क्षेत्र में किराए के मकान में रहता था। घटना की सूचना पर चितईपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हरहुआ मण्डल भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह का किया भव्य स्वागत

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी` हरहुआ मण्डल के भाजपा कार्यकताओं ने सोमवार को सातो महुआ स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

कार्यक्रम में कार्यकताओं ने फूल-मालाओं और गाजे-बाजे के साथ प्रदेश



उपाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी की आगामी योजनाओं और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई।कार्यकताओं ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट कर बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा विनय सिंह 'हिटलर', मण्डल अध्यक्ष हरहुआ आशुतोष मिश्रा 'अजय' अरुणेंद्र सिंह, पंकज तिवारी, शशांक रघुवंशी, अनिल पाण्डेय, मनोज पटेल, धर्मेंद्र सिंह, विजय सिंह, उत्सव सिंह, विनोद पटेल, उज्जवल राय, शिवबालक पटेल, रोहित विश्वकर्मा, जय हिंद पाल,अजय ,ऊदल व मनीष पाठक सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजगढ़ क्षेत्र में धान की रोपाई शुरू, खेतों की तैयारी में जुटे किसान अच्छी बारिश न होने से किसान मायूस

**समाज जागरण**

मीरजापुर/ विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र में मानसून की सक्रियता के साथ धान की रोपाई का कार्य शुरू हो गया है। गांव-गांव में किसान अपने खेतों की जुताई, पलेवा और रोपाई की तैयारियों में जुटे हुए हैं। कई स्थानों पर खेतों में पानी भरने के बाद किसान परिवार और मजदूर मिलकर धान की रोपाई कर रहे हैं।किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से खेती का कार्य



गति पकड़ रहा है। यदि आने वाले दिनों में भी अच्छी वर्षा होती रही, तो धान की फसल बेहतर होने की उम्मीद है। दिन भर आसमान में छाए बादल लेकिन हल्की वर्षा होने से किसान रहे मायूस । किसान सुनील कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह कृष्ण कुमार जगदीश सिंह मनोज कुमार अजय कुमार संदीप सिंह ने बताया कि आसमान में दिन भर बादल छाए रहे ऐसा लगा कि भारी वर्षा होगी लेकिन हल्की बारिश के साथ मौसम साफ हो गया। जुलाई महीने का एक हफ्ता बीत गया अच्छी बारिश न होने से किसान भी परेशान हो रहा है।जिससे धान फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

राजगढ़ क्षेत्र के खेत इन दिनों हरियाली की ओर बढ़ रहे हैं और धान की रोपाई का कार्य पूरे गांव में कहीं-कहीं देखने को मिल रहा है। किसान अच्छी पैदावार की उम्मीद में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। लेकिन मेघ बरस नहीं रहे हैं। जिससे किसान की धान की रोपाई का मात्र एक जरिया बिजली ही बची है। उसी के सहारे किसान अपने धान की नर्सरी को बचाए हुए हैं। अभी तक राजगढ़ क्षेत्र में अच्छी बारिश नहीं हुई है।

# 16 एवं 17 जुलाई को आयोजित होगी हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट/ कम्पार्टमेंट की प्रयोगात्मक परीक्षा

**समाज जागरण**

मीरजापुर /जिला विद्यालय निरीक्षक राज कुमार दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया है कि जनपद के समस्त प्रधानाचार्य हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट कालेज शासकिय अशासकिय सहायता प्राप्त एव मान्यता प्राप्त को सूचित किया जाता है कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद् उ०प्र०, प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट / कम्पार्टमेंट परीक्षा वर्ष हेतु अर्ह परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा आन्तरिक मूल्यांकन) दिनांक 16 एवं 17 जुलाई को सम्बंधित विद्यालय के प्राधाचार्य के द्वारा सम्पादित करायी जायेगी-

वर्ष की इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले अर्ह परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिनांक 16 एवं 17 जुलाई, को जनपद / मण्डल स्तर पर राजकीय अथवा अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों पर सम्पादित कराने की व्यवस्था की गयी है। कम्पार्टमेन्ट प्रयोगात्मक परीक्षा का यह अन्तिम अवसर है, इसके पश्चात प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन सम्भव नहीं होगा। प्रयोगात्मक परीक्षाये सी०सी०टी०वी० कैमरे की निगरानी में करायी जायेगी जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर परिषद कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।

सम्बन्धित छात्र छात्राएं अपने पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित कर उक्त तिथियों में प्रयोगात्मक परीक्षायो में अवस्य सम्मिलित हो लें। विद्यालय के प्रधानाचार्य हाईस्कूल में आंतरित मूल्यांकन के विषयवार अंको की सूची को तथा इण्टरमीडिएट के प्रयोगात्मक परीक्षकगण प्रयोगात्मक परीक्षा के प्राप्तांको से ओ०एम०आर० शीट को क्षेत्रिय कार्यालय वाराणसी में दिनांक 20 जुलाई तक अवश्य उपलब्ध करा दें।

# 2.85 करोड़ से संवरेंगे मुंडेश्वर महादेव मंदिर

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी। विधानसभा रोहनिया क्षेत्र के विकास की गति को नई दिशा देते हुए विधायक डॉ. सुनील पटेल ने ग्राम मुड़ादेव स्थित प्रसिद्ध मुंडेश्वर महादेव मंदिर के सृजन एवं सुंदरीकरण कार्य का भूमि पूजन व शिलान्यास किया।वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम में लगभग 2 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर का विकास किया जाएगा। इसे क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन दृष्टि से ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है।विधायक डॉ. सुनील पटेल ने कहा कि रोहनिया के समग्र विकास के साथ धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व होगा।स्थानीय लोगों ने इस पहल को क्षेत्र के विकास और आस्था को मजबूती देने वाला कदम बताया। मंदिर के सुंदरीकरण के बाद यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से राजेंद्र प्रसाद पटेल ,राकेश यादव ,अजीत पटेल,डॉ नरेंद्र पटेल, मानस सिंह, दिव्यांशु पटेल, आनंद प्रकाश पटेल,उदय प्रताप प्रधान, धीरेंद्र सिंह सोनू, रीना वर्मा, गोपाल सिंह , बसंत लाल पटेल, जोन अध्यक्ष आदर्श पटेल, डॉक्टर प्रेम पटेल, दिनेश पटेल सहित सम्मानित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# चलती मैजिक से उठने लगा धुआं, सीएनजी ब्लास्ट की आशंका से मची अफरा-तफरी

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत रिंग रोड फेज-1 पर सोमवार दोपहर करीब एक बजे चलती मालवाहक मैजिक के पिछले हिस्से से अचानक धुआं उठने लगा, जिससे कुछ देर के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मैजिक सीएनजी होने से आसपास के लोगों में दहशत रही बड़ी दुर्घटना की आशंका को लेकर लोग सतर्क हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मैजिक चालक को शुरूआत में धुआं निकलने की जानकारी नहीं थी। जैसे ही वाहन बनारस से रिंग रोड फेज-1 पर मुड़ा, तभी पीछे चल रहे एक बाइक सवार ने इशारा कर चालक को बताया कि गाड़ी के पिछले हिस्से से धुआं निकल रहा है। चालक ने साइड मिरर में देखा तो धुआं उठता दिखाई दिया। इसके बाद उसने तुरंत वाहन सड़क पर खड़ा कर नीचे उतरकर जांच की। देखते ही देखते वाहन के डाले से तेज धुआं उठने लगा।

बीच सड़क पर खड़े वाहन से धुआं उठता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तत्काल आग बुझाने के लिए पानी की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हरहुआ पुलिस, पैंथर दस्ते के हेड कांस्टेबल नीरज राय, अन्य पुलिसकर्मी तथा डायल-112 टीम मौके पर पहुंच गई और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

करीब 15 मिनट बाद पिंडरा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और पानी की बौछार कर धुएं पर काबू पाया। लगभग पांच मिनट बाद चेतगंज से दूसरी फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई, लेकिन तब तक स्थिति नियंत्रण में आ चुकी थी।

मैजिक चालक आकाश विश्वकर्मा निवासी मोहनसराय ने बताया कि वह ब्लीचिंग पाउडर और हैंडवॉश लेकर बेलवरिया ब्लॉक के पास स्थित रूद्रा केमिकल के यहां माल पहुंचाने जा रहा था। घटना के बाद ब्लिचिंग मालिक राजू उपाध्याय को सूचना दी। राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। धुआं पूरी तरह शांत होने के बाद चालक ने वाहन स्टार्ट किया, जो सामान्य रूप से चालू हो गया और वह वाहन लेकर वहां से रवाना हो गया।

# ईमानदारी और जनसेवा के प्रतीक थे कामरेड ऊदल : अजय राय

## 21वीं पुण्यतिथि पर विभिन्न दलों के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी।कोलअसला (वर्तमान पिंडरा) विधानसभा क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से नौ बार स्व. कामरेड ऊदल पटेल की 21वीं पुण्यतिथि सोमवार को रमईपुर स्थित नवीन सब्जी मंडी तथा देवराई स्थित उनके पैतृक आवास पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय राय ने कहा कि स्व. ऊदल पटेल ने संघर्षों के बीच पूरी ईमानदारी और सादगी के साथ जनता की सेवा की, जो आज के जनप्रतिनिधियों के लिए मिसाल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राजनीति सेवा के बजाय संपत्ति अर्जित करने का माध्यम बनती जा रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता सब देख रही है और कांग्रेस उनके कार्यों को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाएगी।

पूर्व मंत्री एवं सपा नेता सुरेंद्र पटेल ने कहा कि उन्हें स्व. ऊदल पटेल को निकट से देखने और सीखने का अवसर मिला। उनकी सादगी, ईमानदारी और जनसंघर्ष का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि वह उनके पदचिह्नों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव फूलचंद यादव ने कहा कि स्व. ऊदल पटेल ने नौ बार विधानसभा में भाकपा का प्रतिनिधित्व कर लाल झंडे की गरिमा बढ़ाई। उन्हें अनेक प्रलोभन दिए गए, लेकिन उन्होंने जीवनभर अपने सिद्धांतों और विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया।

स्व. ऊदल पटेल की पुत्री रमा ऊदल ने कहा कि उनके पिता ने जीवनभर न्याय, ईमानदारी और संघर्ष का संदेश दिया तथा कभी भौतिक चकाचौंध को स्वीकार नहीं किया। वक्ताओं ने उन्हें जनसेवा, सादगी और सिद्धांतों की राजनीति का प्रतीक बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

समारोह में भाकपा के श्यामलाल सिंह, लालबहादुर, डॉ. चुन्नीलाल, राजेंद्र सिंह, रामलाल, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, राजीव राम, रामसनेही पांडेय, श्रीप्रकाश सिंह, शशिकांत मिश्रा, राजेंद्र पटेल, गिरधारी लाल, अरविंद सिंह पटेल, अंकित कुमार सहित विभिन्न दलों के अनेक नेताओं एवं कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हरहुआ पुलिस की तत्परता ने खोयी मोबाइल महिला को सौंपकर दिया ईमानदारी का उपहार, महिला ने किया आभार व्यक्त

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। हरहुआ पुलिस चौकी की सक्रियता के चलते जौनपुर निवासी एक महिला का खोया हुआ मोबाइल बरामद कर उसे सकुशल वापस सौंप कर दिया ईमानदारी का मिशाल। मोबाइल मिलने के बाद महिला ने हरहुआ पुलिस का आभार व्यक्त किया।

जानकारी के अनुसार, जौनपुर जिले के खरसेनपुर निवासी सुषमा देवी पत्नी जयसिंह रविवार को वाराणसी में किसी कार्य से आई थीं। कार्य पूरा होने के बाद वह अपनी निजी ऑटो से घर लौट रही थीं। यात्रा के दौरान हरहुआ क्षेत्र में उन्हें नींद आ गई। इसी बीच, ऑटो से एक अन्य सवारी उतरी और गलती से सुषमा देवी का मोबाइल भी उसी सवारी के साथ चला गया। जब सुषमा देवी की नींद खुली, तब तक ऑटो बाबतपुर पहुंच चुका था और उन्हें मोबाइल गायब होने का पता चला।

इसके बाद सुषमा देवी वापस हरहुआ पहुंचीं और हरहुआ पुलिस चौकी में मोबाइल गुम होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी और हेड कांस्टेबल नीरज राय हेड कांस्टेबल सुरेश विश्वकर्मा ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने कई बार मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल लगातार बंद मिला।

सोमवार को जैसे ही मोबाइल चालू हुआ, हेड कांस्टेबल नीरज राय व हेड कांस्टेबल सुरेश विश्वकर्मा ने तत्काल उस नंबर पर संपर्क किया। शुरूआत में मोबाइल रखने वाला व्यक्ति टालमटोल करता रहा, लेकिन पुलिस की सतर्कता और लगातार प्रयासो के बाद उसे मोबाइल वापस करने के लिए तैयार होना पड़ा। इसके बाद हरहुआ पुलिस ने मोबाइल बरामद कर लिया।

मोबाइल बरामद होने के बाद पुलिस ने सुषमा देवी को हरहुआ पुलिस चौकी बुलाया। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उनका मोबाइल उन्हें सकुशल सौंप दिया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर सुषमा देवी ने हरहुआ पुलिस, विशेष रूप से चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी और हेड कांस्टेबल नीरज राय व हेड कांस्टेबल सुरेश विश्वकर्मा की तत्परता एवं कार्यशैली की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी हरहुआ पुलिस की इस ईमानदारी कार्य व तेजी से कार्रवाई की प्रशंसा की।

# रमना में आयोजित हुई 'राष्ट्र निमार्ता की राष्ट्र कथा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रमना में राष्ट्रीय सरदार सेवा संघ भारत के तत्वावधान में "राष्ट्र निमार्ता की राष्ट्र कथा झ जय श्री वल्लभ राष्ट्र कथा" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्र कथाकार हरिभाई पटेल वल्लभानंद जी महाराज ने सरदार वल्लभभाई पटेल के संपूर्ण जीवन, उनके व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

राष्ट्रकथा के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रविशंकर पटेल ने किया, जबकि अतिथियों का स्वागत फूलचंद पटेल एवं मनोज पटेल ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोहनिया विधायक सुनील पटेल, काशी विद्यापीठ ब्लॉक प्रमुख प्रवेश पटेल, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ई.आर. बी. सिंह, सेंट्रल बार वाराणसी के पूर्व महामंत्री कन्हैया लाल पटेल, पिंडरा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जवाहरलाल वर्मा, पूर्व पार्षद कमल पटेल, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष बाल किशुन कन्नौजिया, अपना दल युवामंच के जिलाध्यक्ष मानस सिंह, इंडियन पटेल क्लब के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल, राष्ट्रीय सरदार सेवा संघ के राष्ट्रीय संरक्षक अनिल पटेल, राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद पटेल, राष्ट्रीय महासचिव रविशंकर पटेल, अखिल भारतीय कुर्मी महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव राजेंद्र शंकर सिंह पटेल तथा जिला महासचिव दिनेश पटेल सहित समाज के वरिष्ठजन एवं गांव की सम्मानित जनता उपस्थित रही।

# सहकारिता के माध्यम से बच्चों में बचत को प्रोत्साहन पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**




वाराणसी। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के गठन के 5 वर्ष पूर्ण होने के क्रम में चलाये जा रहे, सहकारिता सप्ताह के अवसर, जिला सहकारी बैंक लि0 वाराणसी द्वारा शहर के सनातन धर्म इण्टर कॉलेज में, बैंक द्वारा कक्षा-9 एवं 10 के छात्रों हेतु, ह्यह्यसहकारिता के माध्यम से बच्चों में बचत को प्रोत्साहनह्यह्य विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

निबन्ध प्रतियोगिता में कॉलेज के कक्षा-10 के छात्र श्री वंश कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, कुनाल सिंह द्वारा द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान आयुष कन्नौजिया द्वारा प्राप्त किया गया। जिला सहकारी बैंक लि0 वाराणसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मिलिन्द द्वारा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान करने के साथ-साथ क्रमशः 1100/- रुपए मात्र, 800/- रुपए मात्र व 500/- रुपए मात्र का नगद पुरस्कार भी दिया गया। इस अवसर बैंक मुख्यालय के अनुभाग अधिकारी एन0के0 राय व नाजिर प्रशान्त कुमार सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजयी राम, प्रवक्ता मनोज कुमार, अरविन्द कुमार, सिरजू राम एवं चन्द्रशेखर भी उपस्थित रहे।

# विधायक त्रिभुवन राम ने मुनारी दलित बस्ती में सीसी रोड का किया लोकार्पण

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी।आज सोमवार को ग्राम मुनारी ( सोनिया का भीटा) अनुसूचित जाति बस्ती में पूर्वांचल विकास निधि योजना से स्वीकृत रुपया 20.0 लाख का सी सी रोड का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर झोपड़ी तक पहुंच बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। बिना किसी भेदभाव के जनहित में छोटी से लेकर बड़े कार्य कर सबके आशाओं पर खरा उतर रही है। जिस दलित बस्ती में आवागमन के लिए सड़क नहीं है वहाँ प्राथमिकता के आधार पर पहुंच मार्ग प्राथमिकता के आधार पर सम्मान इंटरलॉकिंग सुविधा प्रदान कर रही है। साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित भी करा रही है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंजनी नंदन पांडेय जिला पंचायत सदस्य, लक्ष्मण सिंह मण्डल अध्यक्ष चौबेपुर, रामजी मौर्य पूर्व मण्डल अध्यक्ष, भाजपा नेता कपिल नारायण पांडेय, डॉ विजय पटेल,संजय गुप्ता, अशोक पांडेय पूर्व प्रधान,राजेश प्रधान मुनारी,अमित शर्मा पूर्व प्रधान, स्वतंत्र मिश्रा,अजय प्रकाश सिंह हीरू,सूरज चौधरी,मोहन बाबू,कार्यक्रम के आयोजक विनोद कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# काजी सराय में डंपर-ट्रक में टक्कर, क्रेन से हटवाकर यातायात हुआ सामान्य

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत हरहुआ चौकी के काजीसराय में सोमवार को वाराणसी-बाबतपुर फोरलेन पर डंपर और ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। ट्रक हरिद्वार से पतंजलि का सामान लेकर ओडिशा जा रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक का स्टेरिंग क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।प्रतापगढ़ निवासी ट्रक चालक प्रमोद हादसे में सुरक्षित बच गया। घटना की सूचना के एक घंटे बाद एनएचएआई पेट्रोलिंग टीम पहुंची। इस दौरान दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के कारण फोरलेन पर जाम लग गया और यातायात प्रभावित रहा।

घटना की सूचना मिलने के बाद हरहुआ पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को फोरलेन से किनारे हटवाया। इसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। इस बारे में बड़ागांव थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को किनारे कराया गया। इस मामले में किसी के द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। यदि तहरीर दी जाती है तो मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पहाड़ी में नीलगाय के आतंक से किसान परेशान चट कर रहे किसानों की फैसले। किसानों ने जिलाधिकारी से मिलकर बताइ अपनी समस्याएं।

**समाज जागरण**



मीरजापुर / नीलगाय के आतंक से किसान परेशान किसान की फसल हो रही खराब। विकासखंड के पहाड़ी क्षेत्र के तिगोरा लोकापुर, उमरिया, दुबेपुर,बसारी, रामनगर, इमरती, सीकरी सहित एक दर्जन से ज्यादा गांव नीलगाय के आतंक से किसनो की फैसले खराब हो रही है किसान रात में निगरानी भी कर रहे हैं। किसान मोर्चा के अध्यक्ष शारदा प्रसाद मिश्र ने कहा कि किसने की फसल खराब हुई है जिलाधिकारी से इसकी मांग की गई है उन्हें ज्ञापन सोपा गया है नील गाय के आतंक से धान की फसल सब्जी और अन्य फासले खराब हो रही है। किसान विजय शंकर पांडे ने कहा कि नीलगाय के आतंक से लौकी भिंडी, नेनुआ, मूंग रहर की फसल खराब हो चुकी है इतनी लागत से लगाकर खेतों में उगाया लेकिन नीलगाय के आतंक से सारी फसल पशुओ चट कर गई। किसान शशी धर दुबे और ग्राम प्रधान सनी कुमार ने बताया कि आए दिन नीलगाय के आतंक से फासले खराब हो रही है और खेत भी खराब हो रहा है धान रोपाई का समय आ रहा है लेकिन रात में जाकर खेतों की रखवाली की जा रही है। पूर्व प्रधान पद्मकांत दुबे और राजबली यादव ने जिलाधिकारी से मांग की नीलकमल से आतंक से किसानों को मुक्त कराया जाए और उनकी फैसले बचाई जाए नहीं तो किसानों को खाने के लाले पड़ जाएंगे।

# जनपद के चारों तहसीलों में किया गया "सम्पूर्ण समाधान दिवस" का आयोजन

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में जुलाई महीने के प्रथम शनिवार को न होकर सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने के कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वार्मा उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह आदि ने 119 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 113 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार ओबरा, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

02 सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्टसगंज में उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों

को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके उप जिलाधिकारी सदर अश्वनी कुमार, तहसीलदार सदर अमित कुमार आदि ने 36 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 30 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

03- सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी व तहसीलदार घोरावल प्रवीण कुमार आदि ने 97 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 08

मामले निस्तारित हुए, बाकी 89 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

04-सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी का आयोजन अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी श्री निखिल यादव, तहसीलदार दुद्धी, सी0ओ0 दुद्धी व पिपरी आदि ने 85 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 07 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 78 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

चारों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल शिकायतें- 337 प्राप्त हुयी, जिसमें से 27 शिकायतों का निस्तारण टीम भेजकर और मौके पर किया गया।

# तहसील दिवस में सोनांचल बार एसोसिएशन ने उठाए जनहित के मुद्दे, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह**



ओबरा/ सोनभद्र। तहसील दिवस के अवसर पर सोनांचल बार एसोसिएशन ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर के सामने बने मैटेरियल रिकवरी सेंटर को हटाने, ओबरा तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय की स्थापना करने तथा अधिवक्ता परिसर में बिजली की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की।

बार एसोसिएशन के अधिवक्ता नसीम खान ने कहा कि नगर में सुंदरीकरण के नाम पर विभिन्न चौराहों पर बनाए गए वाटर फाउंटेन के कारण सड़कें संकरी हो गई हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने जनहित में इन स्थानों का चौड़ीकरण कराए जाने की मांग की, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने भी टीम गठित कर संबंधित स्थानों का निरीक्षण कराने और सड़क चौड़ी करण की दिशा में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बार एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि जनहित से जुड़े इन मुद्दों का शीघ्र समाधान कर नगरवासियों और अधिवक्ताओं को राहत प्रदान की जाएगी।

# महिलाओं ने वृक्षारोपण कर जल, जंगल, जमीन को लेकर की अपनी आवाज बुलंद

•~ महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का लिया संकल्प - राधा सिंह

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। समाजवादी महिला सभा के तत्वावधान में डाला के रिक्शहवा में सोमवार को महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव राधा सिंह के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने वृक्षारोपण किया और जल,जंगल,जमीन को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव राधा सिंह ने कहा कि "वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ " और हम सभी को हमेशा वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करते हुए वृक्षारोपण का संकल्प लिया गया। मा. राष्ट्रीय अध्यक्ष के निदेर्शानुसार हम सब वृक्षारोपण जनपद के हर गांव और विभिन्न क्षेत्रों में जाकर करेंगे। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण ,जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण के कारण वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते हम सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन संकटपूर्ण हो सकता है।प्रत्येक वृक्ष की अपनी विशेषताएं

और सांस्कृतिक महत्व होती है,इसलिए वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है।उन्होंने आह्वान किया कि वह अपनी क्षमता के अनुसार अधिक से अधिक पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्थानीय महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में कमलावती देवी, फूलवंती देवी, जीवंती देवी,सुमन कुमारी, मानसी देवी, कौशल्या गोड़, सुषमा, अंकित, ललिता समेत दर्जनों की संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# राम मंदिर चढ़ावा, पेपर लीक और कानून व्यवस्था को लेकर भाकपा का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के कार्यकताओं ने सोमवार को राज्यव्यापी आंदोलन के तहत जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने मुख्य मार्ग से जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार की विभिन्न नीतियों के विरोध में नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाकपा के उत्तर प्रदेश राज्य कार्यकारिणी सदस्य आर.के. शर्मा ने अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक आयोग गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही कथित रूप से गबन की गई धनराशि की बरामदगी कर उसे जनहित में खर्च करने तथा दोषियों को गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कठोर सजा दिलाने की मांग की।

भाकपा के जिला सह सचिव देव कुमार विश्वकर्मा ने लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर अग्निकांड का उल्लेख करते हुए घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मृतक छात्रों के परिजनों को पांच-पांच करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग भी उठाई। इसके साथ ही प्रदेश में बंद किए गए प्राथमिक विद्यालयों, इंटर कॉलेजों, महाविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों को पुनः संचालित करने की मांग की गई। जिला कोषाध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता ने अपने संबोधन में बढ़ती महंगाई, बिजली के निजीकरण, स्मार्ट मीटर, पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों, किसानों और मजदूरों की समस्याओं, खाद-बीज की उपलब्धता, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते अत्याचार तथा प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की। ज्ञापन में भाकपा ने बार-बार हो रही पेपर लीक की घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों को कड़ी सजा देने, प्रतियोगी छात्रों को आयु सीमा में छूट देने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पद से हटाने की भी मांग की। इसके अलावा कानून-व्यवस्था में सुधार और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सरकार से प्रभावी कदम उठाने की अपील की गई। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में भाकपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपते हुए मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

# खेलते समय रसेल वाइपर ने 5 वर्षीय मासूम को डसा, परिजनों में हड़कंप

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र के हरनाकछार गांव में रविवार शाम एक पांच वर्षीय मासूम को जहरीले रसेल वाइपर सांप ने डस लिया। घटना उस समय हुई जब आरव पुत्र रवि सोनी घर के बाहर खेल रहा था। अचानक सांप ने उसके बाएं पैर पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और तुरंत उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दुद्धी ले गए। सीएचसी दुद्धी में चिकित्सक डॉ. वरुणा निधि की देखरेख में बच्चे का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। चिकित्सकों ने बच्चे की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी हुई है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है और आवश्यक उपचार जारी है। परिजनों ने बताया कि घटना अचानक हुई, जिससे परिवार में अफरा-तफरी मच गई। बरसात के मौसम में जहरीले जीव जंतुओं का निकला आम बात है इसलिए घरों के आसपास साफ-सफाई रखें और बच्चों को वैसे स्थानों पर अकेले खेलने न दें जहां खतरा हो। क्योंकि इस मौसम में जहरीले सांपों के निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। सांप काटने की स्थिति में बिना देर किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने की सलाह हमेशा दी जाती है।

# पुलिस ने पकड़ा नकली शराब का अंतर्राज्यीय सिंडिकेट, ट्रेलर से 36 हजार बोतलें और शराब बनाने का सामान बरामद

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। जिले की रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली शराब बनाने और बिहार में सप्लाई करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ट्रेलर से बड़ी मात्रा में अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से बिहार में नकली शराब की बड़ी खेप पहुंचने से पहले ही रोक दी गई।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि ग्राम बट्ट स्थित मामा ढाबा परिसर में खड़े ट्रेलर संख्या NL-01AA-9920 में संदिग्ध सामग्री लदी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से पूरी तलाशी की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई। तलाशी के दौरान ट्रेलर के ऊपरी हिस्से में करीब 36 हजार खाली कांच की शराब की बोतलें रखी मिलीं, जबकि नीचे 600 लीटर रेक्टिफाइड स्पिरिट, 46 किलोग्राम कैरेमल, पांच लीटर फ्लेवरिंग एसेंस और यूनाइटेड स्पिरिट ब्रांड के 160 पैकिंग टेप बरामद किए गए।

पुलिस ने मौके से हरियाणा के झज्जर निवासी हरिओम पंवार (39) और दिनेश पंवार (32) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पंजाब के खन्ना (लुधियाना) से यह सामग्री लेकर बिहार-झारखंड सीमा के हरिहरगंज क्षेत्र जा रहे थे। वहां नकली शराब तैयार कर प्रतिष्ठित कंपनियों के नाम से बिहार में बिक्री की जानी थी। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि परिवहन के लिए प्रयुक्त बिल्टी और अन्य दस्तावेज फर्जी थे तथा पूरे गिरोह का संचालन व्हाट्सएप कॉल और मोबाइल के माध्यम से किया जाता था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि बरामद सामग्री से 25 से 30 लाख रुपये मूल्य की नकली शराब तैयार की जा सकती थी। यदि यह शराब बाजार में पहुंच जाती तो लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए गंभीर खतरा पैदा हो सकता था। उन्होंने बताया कि ट्रेलर के दस्तावेजों और इंजन नंबर की जांच कराई जा रही है। साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं।

# सलखन मे मिट्टी की दीवार गिरने से बालिका की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के सलखन बाजार में सोमवार देर शाम करीब 5:30 बजे हुई मूसलाधार बारिश के दौरान एक दर्दनाक हादसे में मिट्टी की दीवार गिरने से 5 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सलखन निवासी गुड्डू की 5 वर्षीय पुत्री अंशिका तेज बारिश से बचने के लिए घर के पास स्थित प्लास्टिक



से ढके एक कच्चे मकान में बैठी थी। इसी दौरान अचानक मिट्टी की दीवार भरभरा कर उसके ऊपर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।बालिका की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे मलबे से बाहर निकालकर तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान बालिका ने दम तोड़ दिया। बालिका की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। लगातार हो रही बारिश के कारण जर्जर कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों के सामने सुरक्षा का गंभीर संकट भी खड़ा हो गया है।

# थाना करमा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के कुशल मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक करमा श्री सूर्यभान के नेतृत्व में थाना करमा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना करमा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-126/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त गुण्डा यादव उर्फ रामकेश पुत्र झल्लर यादव उर्फ श्यामलाल, निवासी ग्राम बहेरा, थाना करमा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 26 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 06.07.2026 को समय 10:35 बजे मदैनिया मोड़, थाना करमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# थाना पिपरी पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे एक नफर वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ उपेन्द्र तिवारी**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित/मफरूर/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन तथा थानाध्यक्ष पिपरी श्री राजेश चौबे के नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 05.07.2026 को चौकी प्रभारी रेनुकूट उ0नि0 जितेन्द्र सरोज मय पुलिस टीम क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0-3487/2005, धारा 379/411 भादवि से संबंधित लंबे समय से फरार चल रहे मफरूर अभियुक्त अलख सोनी पुत्र गरीब चन्द्र सोनी, निवासी चित विश्राम, थाना नगर उटारी, जनपद गढ़वा (झारखण्ड), हाल पता- झोपड़ी, शिवा पार्क, रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 61 वर्ष को चितविश्राम, नगर उटारी से दिनांक 05.07 .2026 को समय 22:40 बजे गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# थाना दुद्धी साइबर टीम द्वारा साइबर ठगी के शिकार महिला के खाते में ₹11,630 की धनराशि कराई वापस

**समाज जागरण/ उपेन्द्र तिवारी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुण वाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी वी0पी0 साहनी के कुशल मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक थाना दुद्धी धर्मेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना दुद्धी की साइबर हेल्प डेस्क द्वारा साइबर ठगी के शिकार महिला की धनराशि वापस कराकर सराहनीय कार्य किया गया। आवेदिका मीना देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम मझौली, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र के बैंक खाते से अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा एक फर्जी लिंक के माध्यम से कुल ₹60,000 की धोखाधड़ी कर ली गई थी। घटना के संबंध में पीड़िता द्वारा एनसीआरपी (NCRP) पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत प्राप्त होने पर थाना दुद्धी की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित कर ₹46,902.23 की धनराशि होल्ड कराई गई। तत्पश्चात माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर होल्ड की गई धनराशि में से ₹11,630 सफलतापूर्वक आवेदिका के बैंक खाते में वापस कराई गई। धनराशि वापस मिलने पर आवेदिका ने पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), क्षेत्राधिकारी दुद्धी, प्रभारी निरीक्षक थाना दुद्धी एवं साइबर हेल्प डेस्क की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

# पिपरी जल विद्युत कॉलोनी में बेदखली की कार्रवाई तेज, अंतिम नोटिस मिलते ही मचा हड़कंप

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह**



सोनभद्र। पिपरी स्थित उत्तर प्रदेश जल विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कॉलोनी में वर्षों से रह रहे लोगों के खिलाफ प्रशासन ने बेदखली अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में 10 लोगों को अंतिम नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर सरकारी आवास खाली करने के निर्देश दिए गए। इस कार्रवाई के बाद पूरे पिपरी नगर में हड़कंप मच गया है और अन्य परिवारों में भी बेदखली की आशंका गहरा गई है। उत्तर प्रदेश जल विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सिविल विभाग के अधिशासी अभियंता अविनाश सिंह ने बताया कि पिपरी नगर में रहने वाले लगभग 250 लोग पीपी एक्ट से संबंधित मुकदमे हार चुके हैं। उनके विरुद्ध उपजिलाधिकारी न्यायालय से बेदखली के आदेश जारी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित लोगों को पहले भी कई बार नोटिस दी जा चुकी थी। उसी क्रम में सोमवार को तहसीलदार दुद्धी अंजनी गुप्ता एवं नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार ने पुलिस बल की मौजूदगी में 10 लोगों को अंतिम नोटिस सौंपा। नोटिस मिलने के बाद कई परिवार मकान खाली करने की तैयारी में जुट गए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि वे दो-तीन दिनों के भीतर घर खाली कर देंगे, जबकि अन्य परिवारों को भी जल्द नोटिस मिलने की आशंका सता रही है। इससे पूरे नगर में भविष्य को लेकर चिंता का माहौल बन गया है। गौरतलब है कि पिपरी नगर की भूमि को लेकर वर्षों से विवाद चला आ रहा है। इस जमीन पर वन विभाग, रिहंद बांध से जुड़े सिंचाई विभाग और उत्तर प्रदेश जल विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड अलग-अलग स्तर पर अपना दावा करते रहे हैं। इसी विवादित भूमि पर वर्षों से बड़ी संख्या में लोग मकान बनाकर रह रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि न्यायालय के आदेश का पालन कराना उसकी कानूनी जिम्मेदारी है और आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से निवास करने के बावजूद अचानक बेदखली की कार्रवाई से उनके सामने आवास का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

# जंगल से भटककर नहर में गिरा हिरण, ग्रामीणों ने बचाया, इलाज के दौरान हुई मौत

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



चुर्क/सोनभद्र। जंगल से भटककर आबादी क्षेत्र में पहुंचा एक हिरण नहर में गिर गया। नहर में गिरने के कारण उसे शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद कुछ बच्चों ने साहस दिखाते हुए हिरण को सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर निकलने के बाद घायल हिरण पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, जिससे वह और अधिक घायल हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल हिरण को अपने साथ वन विभाग कार्यालय के पास बने सुरक्षित कक्ष में ले गई। वहां पशु चिकित्सकों को बुलाकर उसका उपचार शुरू कराया गया। हालांकि, गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान ही हिरण ने दम तोड़ दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हिरण के शरीर पर कई गंभीर चोटें थीं। आवश्यक कार्रवाई के बाद नियमानुसार उसका पोस्टमार्टम कराकर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



# नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी

**आयुर्वेद के अनुसार नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी है। यह तेल न केवल सिर की त्वचा को पोषण देता है, बल्कि बालों को टूटने से भी बचाता है। जब इसमें कपूर मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण प्राकृतिक कीटनाशक की तरह काम करता है। कपूर में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीपैरासिटिक गुण जुओं और उनके अंडों को नष्ट करने में मदद करते हैं।**

इस उपाय के लिए नारियल तेल की एक कटोरी में 2-3 टुकड़े कपूर घोलकर रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में लगाना चाहिए। मालिश के बाद सिर को कपड़े से ढककर सोना और सुबह शैम्पू से धोना लाभकारी माना जाता है। कुछ ही दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। सिरका भी एक कारगर विकल्प है। हल्के गुनगुने पानी में दो चम्मच सफेद सिरका या एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर सिर धोने से जुओं और लीखों की पकड़ ढीली पड़ जाती है और वे आसानी से हटने लगती हैं।





यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो रसायनों से बचना चाहते हैं। इसी तरह नींबू का रस भी प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से इसका असर और बढ़ जाता है। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड जुओं की त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करता है। साथ ही यह स्कैल्प की सफाई करता है और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी राहत देता है। कुछ लोग पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल करते हैं। यह जुओं की सांस रोक देती है और उनके जीवन चक्र को खत्म करती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल बालों में काफी चिपचिपापन पैदा करता है और धोने में कठिनाई हो सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्राकृतिक उपायों को नियमित रूप से अपनाने से जुओं से छुटकारा मिल सकता है और स्कैल्प भी स्वस्थ रहता है।

बता दें कि सिर में अचानक खुजली बढ़ना अक्सर रूसी के साथ-साथ जुओं की मौजूदगी का संकेत भी हो सकता है। यह समस्या न केवल असुविधा और परेशानी पैदा करती है बल्कि कई बार सामाजिक स्थितियों में शर्मिंदगी का कारण भी बन जाती है। जूं बालों में अंडे देती हैं, जिन्हें लीख कहा जाता है। ये लीखें इतनी मजबूती से चिपकी होती हैं कि सामान्य पानी या कंघी से आसानी से नहीं हटतीं। ऐसे में कई लोग रासायनिक उत्पादों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद और घरेलू नुस्खे भी इसमें प्रभावी साबित हो सकते हैं।

# मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है मौसम में बदलाव का

**सितंबर से दिसंबर के बीच मौसम में बदलाव के साथ पेड़ों से पत्ते झड़ने लगते हैं। मौसम बदलने का असर इंसानी मनोभावों पर भी देखने को मिलता है। शरद ऋतु का आगमन गर्मी से सर्दी की ओर बढ़ने का संकेत देता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इस दौरान कई लोगों के मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है।**

दिन छोटे और रातें लंबी होने के साथ ही थकान, नींद की गड़बड़ी और उदासी महसूस होना आम हो जाता है। इस स्थिति को विज्ञान की भाषा में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम बदलने पर धूप की कमी से दिमाग में सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर घटने लगता है। यह हार्मोन मूड को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अंधेरा और ठंड बढ़ने पर शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद अधिक आती है और ऊर्जा घट जाती है।





इस बदलाव से शरीर की सर्केडियन रिद्म भी बिगड़ जाती है, जिससे नींद और जागने का प्राकृतिक पैटर्न प्रभावित होता है। अध्ययन बताते हैं कि उत्तरी और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों पर सैड का प्रभाव अधिक होता है क्योंकि वहां धूप का समय सीमित होता है। महिलाओं और 18 से 30 वर्ष के युवाओं में इसके मामले ज्यादा पाए जाते हैं। एक अध्ययन में खुलासा हुआ था कि अर्बन इंडिया में 12 से 15 प्रतिशत लोग हल्के या गंभीर मौसमी डिप्रेशन का सामना करते हैं। इसके लक्षण पहचानना अपेक्षाकृत आसान है।

लगातार थकान रहना, अधिक नींद आना, उदासी और चिड़चिड़ापन, काम में रुचि कम होना, ज्यादा मीठा और कार्बोहाइड्रेट खाने की इच्छा, तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना सैड के प्रमुख संकेत माने जाते हैं। कई देशों में लाइट थेरेपी का उपयोग किया जाता है, जिसमें विशेष लाइट बॉक्स का इस्तेमाल प्राकृतिक धूप जैसी रोशनी देने के लिए किया जाता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी इस समस्या को कम कर सकते हैं। ताजे फल-सब्जियां और ओमेगा-3 युक्त भोजन मूड को बेहतर बनाने में मददगार हैं। यदि लक्षण लगातार बने रहें तो मनोचिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचाव के लिए कुछ साधारण उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 20 से 30 मिनट धूप में समय बिताना सबसे प्रभावी तरीका है।

